चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 124, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 02 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मैंने नहीं सोचा था मेरी सांसदी चली जाएगी, अमेरिका में राहुल फोन उठाकर बोले- हैलो मोदी जी, कहा- मेरा फोन टैप किया जा रहा

# देश में लोकतंत्र पर जंग छिड़ी: राहुल गांधी



**कैलिफोर्निया:** कांग्रेस लीडर राहुल गांधी 6 दिन के अमेरिका दौरे पर गए हैं। उन्होंने सिलिकॉन वैली में बुधवार को अक क्षेत्र में स्टार्ट-अप शुरू करने वाले कई बिजनेसमैन से मुलाकात की। इस दौरान पेगासस स्पाईवेयर पर चर्चा करते हुए राहुल ने कहा- मुझे पता है कि मेरा फोन टैप हो रहा है। इसके बाद उन्होंने अपना फोन उठाया और बोले- हैलो, मोदी जी। यात्रा के दौरान बुधवार शाम को राहुल गांधी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रों से कहा- भारत में लोकतंत्र को लेकर जंग छिड़ी हुई है।

कोई भी संस्था अपने मुताबिक काम नहीं कर पा रही है। लोकतंत्र का मतलब सिर्फ विपक्ष का होना नहीं होता, बल्कि लोकतंत्र का मतलब होता है कि संस्थाएं विपक्ष का साथ दें। लेकिन हमारे देश में संस्थाएं किसी और के हाथ में हैं। राहुल ने कहा- अगर आपको देश में टेक्नोलॉजी का विस्तार करना है तो एक ऐसा सिस्टम होना चाहिए, जहां पावर किसी एक के पास नहीं बल्कि सबके पास हो। भारत में डेटा की सेफ्टी को लेकर भी नियम बनाने की जरूरत है। मुझे लगता है कि मेरा आईफोन टैप किया जा रहा है। अगर कोई देश ये तय कर ले कि आपका फोन टैप करना है तो फिर इसे रोका नहीं जा सकता। मुझे लगता है कि मैं जो भी करता हूं सरकार को उसकी पूरी जानकारी होती है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में राहुल ने अपनी सांसदी जाने पर कहा कि मैं 2004 में राजनीति में आया था। तब मैंने ये नहीं सोचा था कि कुछ बोलने भर से सांसदी जा सकती है। मैं शायद पहला इंसान हूं जिसे अवमानना की इतनी बड़ी सजा मिली है, लेकिन अब मुझे लगता है कि संसद में बैठे रहने के मुकाबले अब ज्यादा मौके मिलेंगे। राहुल ने कहा- लोकतंत्र में संस्थाओं को खतरे में देखकर हमने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी।



**125 लोगों से शुरू हुआ सफर लाखों तक पहुंचा: राहुल**

राहुल ने कहा कि 125 लोगों से शुरू हुआ सफर लाखों तक पहुंचा। कई लोगों ने मुझसे पूछा कि इस यात्रा से क्या सीखा। ये मेरी जिंदगी का सबसे सुखद अनुभव रहा है। हमने खेती से लेकर, हेल्थकेयर, शिक्षा तक के बारे में लोगों को बताया। हमारे देश में राजनीति और आम लोगों में एक बड़ा फासला है। राहुल ने कहा- सत्ता के पास पुलिस, मीडिया जैसी सभी संस्थाएं हैं, लेकिन फिर भी वो हमें रोक नहीं पाए।

## राहुल ने रूस से रिश्तों पर भारत की नीति को सही बताया

**स्टैनफोर्ड।** अमेरिका में भारत सरकार की आलोचनाओं के बीच राहुल गांधी ने रूस से रिश्तों पर भारत सरकार की नीति को सही करार दिया है। राहुल ने कहा कि रूस के मामले में उनका रुख भी वैसा ही है, जैसा भारत सरकार का है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस समय अमेरिका की यात्रा पर है। उन्होंने कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उनसे जब पूछा गया कि यूक्रेन पर युद्ध करने के बावजूद रूस से भारत के संबंध क्यों मधुर हैं? इस पर उन्होंने कहा कि रूस पर हमारी कुछ निर्भरताएं हैं। हमारे संबंध अलग हैं। राहुल गांधी ने पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद रूस के साथ अपने संबंध रखने की भारत की नीति का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस मामले में मेरा रुख भी वैसा ही होता, जैसा मेरी सरकार का है। उन्होंने कहा कि भारत काफी बड़ा देश है, उसे अपने हित के लिए अवसरों की तलाश करनी होगी।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि देश की तरक्की के लिए अन्य देशों के साथ संबंध बनाए रखना जरूरी है। इसलिए हम हमेशा सबसे संबंध बनाए रखने की कोशिश करेंगे, ताकि संतुलन बना रहे।

## डबल इंजन की सरकार से यूपी में हो रहा विकास: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य आपदा प्रबंधन योजना का शुभारम्भ करने के साथ ही आपदाओं के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के अधिकारियों और जवानों को प्रशस्ति-पत्र भी वितरित किये। आपदा प्रबंधन का यह भवन 1.5 एकड़ क्षेत्रफल में 66.40 करोड़ की लागत में बनेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उप्र में आपदा को न्यूनतम स्तर पर पहुंचाने के लिए पिछले छह वर्षों में जो कदम उठाए हैं, उसके परिणाम हम सबके सामने हैं। 2017 से पहले प्रदेश में आपदा को लेकर बहुत ही खराब स्थिति थी। पहले प्रदेश के लगभग आधे जिलों में बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील और अतिसंवदनशील थे। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद आज पांच से छह जिलों के समक्ष ही बाढ़ बड़ी चुनौती के रूप में है।

आज अगर बाढ़ आती है तो लोग सोचते हैं कि सरकार की ओर से राहत का पैकेज भी पहुंच रहा होगा। वन्य जीव के हमले से लेकर डूबने तक को आपदा प्रबंधन में शामिल किया गया है। इससे पीड़ित को राहत के रूप में आर्थिक सहायता दी जा रही है।

# भारत-नेपाल में सात करार पर हस्ताक्षर

### प्रधानमंत्री मोदी बोले रिश्तों को हिमालय जितना ऊंचा ले जायेंगे

**नई दिल्ली: भारत** और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के संबंधों को 'हिट' बताया और कहा कि हम अपने रिश्तों को हिमालय जितनी ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से गुरुवार को मुलाकात की। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया। दोनों नेताओं की उपस्थिति में भारत और नेपाल के बीच समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच विभिन्न परियोजनाओं के ग्राउंडब्रेकिंग व उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इससे सीमा पार कनेक्टिविटी तथा लोगों, वस्तुओं और ऊर्जा की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा। इसमें रेलवे लाइन के कुर्था-बिजलपुरा खंड को सौंपना, बथनाहा (भारत) से नेपाल सीमा शुल्क यार्ड तक एक भारतीय रेलवे कार्गो ट्रेन का उद्घाटन, नेपालगंज (नेपाल) और रूपईडीहा (भारत) में आईसीपी का उद्घाटन, भैरहवा (नेपाल) और सोनौली (भारत) में आईसीपी का ग्राउंडब्रेकिंग समारोह, मोतिहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन के तहत दूसरे चरण की सुविधाओं का ग्राउंडब्रेकिंग समारोह शामिल हैं।



## जीडीपी में उछाल पर सीआईआई अध्यक्ष ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की है।

सीआईआई के अध्यक्ष आर. दिनेश ने गुरुवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैं वित्त वर्ष 2022-23 के जीडीपी आंकड़ों से खुश हूं। आर. दिनेश ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में जीडीपी में 6.1 फीसदी की वृद्धि देखी गई है जबकि पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी में 7.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। ये आने वाले भविष्य के लिए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2023-24 में हमें 6.5 से 6.7 फीसदी की वृद्धि दर देखने को मिलेगी।




## पिछले साल से अधिक इस बार 262 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार अब तक रबी विपणन मौसम के दौरान 262 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर चुकी है। यह पिछले साल के मुकाबले 74 मीट्रिक टन अधिक है। पिछले साल इस सीजन में 188 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए गए। इस साल बारिश के चलते गेहूं की फसल काफी प्रभावित हुई थी। सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गुणवत्ता मानकों में रियायत दी थी।

## लाड़ली बहनों के घर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को नेवरी की दुर्गानगर झुग्गी बस्ती पहुंचकर बहनों को उनके घर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने हितग्राही बहनों से बातचीत कर उनका सुख-दुख जाना। मुख्यमंत्री चौहान संकरी गलियों से होते हुए बहनों के घर पहुंचे और बिना किसी औपचारिकता के बहनों एवं उनके परिवार के साथ बैठे। उन्होंने बच्चों के नाम, उनकी पढ़ाई, पति के कामकाज आदि के बारे में जाना। बहनों की आरती उतारी और उन्हें लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों को कोई कष्ट न हो, उन्हें कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े इसलिए घर पर ही बहनों को योजना के स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने शीतल महावर, सुषमा रायकवार, कांति पाल, सुनीता लोवंशी और उम्मेदी बाई को स्वीकृति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बहनों के साथ बना दिल का रिश्ता उनकी बेहतरी और सुखी जीवन के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। हाल ही में लागू मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदम है। योजना के क्रियान्वयन से एक संकल्प पूरा हो रहा है। इससे बहनों का आत्म-विश्वास बढ़ेगा और उनके सपने पूरे होंगे। मुख्यमंत्री से बातचीत में सुनीता लोवंशी ने बताया कि योजना से मिलने वाले पैसे, वे अपनी बेटी की पढाई पर खर्च करेंगी। मुख्यमंत्री चौहान ने उम्मेदी बाई के पैरालिसिस से प्रभावित परिजन के इलाज के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### केजरीवाल ने तमिलनाडु में स्टालिन से की मुलाकात

## अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने में लगे केजरीवाल

**नई दिल्ली। दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तमिलनाडु पहुंचे हैं। तमिलनाडु पहुंचकर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की है। केजरीवाल का तमिलनाडु के मंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। केजरीवाल केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ स्टालिन का समर्थन चाहते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन से मुलाकात की।



**इन नेताओं से मांग चुके हैं समर्थन:** अरविंद केजरीवाल तमिलनाडु पहुंचने से पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी समर्थन मांग चुके हैं। इसके अलावा केजरीवाल ने 30 मई को माकपा महासचिव सीताराम येचुरी से मुलाकात कर अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगा था, जिस पर उन्होंने समर्थन का भरोसा दिया है। साथ ही केजरीवाल ने इसी मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से भी मिलने का समय मांगा है।

**हेमंत सोरेन से भी करेंगे मुलाकात:** दिल्ली के सीएम केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ समर्थन के लिए झारखंड के सीएम हेमंत सोरने से भी मुलाकात करेंगे।

## सरकार ने बेटियों को जातियों में बांटा: सर्वखाप पंचायत

**मेरठ।** महिला पहलवानों के समर्थन में गुरुवार को मुजफ्फरनगर जनपद के सोरम गांव में सर्वखाप पंचायत में सर्वखाप चौधरियों ने मंच से केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। चौधरियों ने एक सुर में कहा कि सरकार ने बेटियों को भी जातियों में बांट दिया है। खिलाड़ियों की कोई जाति नहीं होती। इस लड़ाई को आगे तक लड़ा जाएगा। मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में गुरुवार को सर्वखाप पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत के मंच से खाप चौधरियों ने महिला पहलवानों के मामले में एक सुर में केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि दिल्ली के पुलिस अधिकारी अपनी मयार्दा भूल गए हैं। हमारी बेटियों को भी जातियों में बांट दिया हैं। जब ये विदेश में जीतकर लौटी थी तो क्या आपने इनकी जाति पूछी थी। तब ये देश की बेटियां थी। आज पुलिस के सिपाही इनके सिर पर पैर रखकर खड़े हैं। यह पूरी तरह से निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सर्वखाप समाज खून की बलि देने के लिए तैयार है। हमारी बेटियों को आंखें दिखाने की कोशिश की तो इनकी आंखें नोंच लेंगे।

## राष्ट्र की सीमाओं का दर्शन राष्ट्र प्रेम बढ़ाने में सहायक : शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राष्ट्र की सीमाओं तक जाकर सेना के दायित्व निर्वहन को देखना युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना मजबूत करने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि "माँ तुझे प्रणाम" योजना में वाघा-हुसैनीवाला (पंजाब) के भ्रमण पर जा रही प्रदेश की लाड़ली बेटियों को यह देखने का विशेष अवसर पर मिलेगा कि सैनिक और सुरक्षा बल किस तरह सीमाओं की रक्षा करते हैं। बेटियां मध्यप्रदेश की माटी वहां ले जा रही हैं, साथ ही वहां की माटी भी यहां लेकर आएंगी। हमारी बेटियां अपनी प्रतिभा से इतिहास रचें, ऐसी कामना है। मुख्यमंत्री चौहान ने गुरुवार को नए रविन्द्र भवन के गौरान्जनी सभागार में मध्यप्रदेश से वाघा बार्डर जा रही 120 बेटियों को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बेटियों को सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।



**लाड़ली लक्ष्मी योजना है बेटियों के सशक्तिकरण का ब्रांड:**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2006 में लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की गई थी। उन्होंने अनेक बेटियों को गोद में उठा कर दुलार भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए सबसे सुंदर पल वही होते हैं जब वे लाड़ली बेटियों के साथ होते हैं। योजना ने बेटियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण को बदल दिया है। अब यह योजना मात्र योजना नहीं, बल्कि ब्रांड है बेटियों के सशक्तिकरण का। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी बेटियों की उच्च शिक्षा की फीस भरने का जिम्मा राज्य सरकार ने लिया है। हम सभी बेटियों को आकाश में उड़ान भरने दें। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रारंभ में बालिका सलोनी श्रीवास्तव कक्षा 12वीं ने वर्ष 2022 की यात्रा के अनुभव सुनाए। अनुभव की प्रभावी प्रस्तुति पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्न होकर बधाई और आशीर्वाद दिया। इस वर्ष वाघा बार्डर पर जा रही कुमारी सुभाषिनी साहू कक्षा 12वीं ने भी विचार रखे। मुख्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखा कर वाघा बार्डर जा रहे वाहनों को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी उत्सव पर केंद्रित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

## जीडीपी आंकड़ों ने खोली 'नफरत के बाजार' के झूठ की पोल: रविशंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश की मजबूत 7.2 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भारत की विकास यात्रा के खिलाफ निराशावाद, घृणा और अविश्वास का बाजार फैलाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कथित नफरत के बीच प्यार का संदेश फैलाने का राहुल गांधी का दावा महज एक छलावा है। राहुल की प्राथमिकता तो केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास के खिलाफ नफरत फैलाना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ 7.2 प्रतिशत है।



## खबर संक्षेप

### मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु 15 जून तक करें आनलाइन आवेदन

करछना इरफान उल्लाह खान , मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिये आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल दिनांक 30 मई से 15 जून 2023 तक के लिये खोला गया है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। जन सामान्य विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज के जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुजुर्ग की हुई मौत, मचा हड़कंप



अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** आम तोड़ने के दौरान करंट की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत परिजनों में मचा कोहराम। मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत गांव पकरी सेवार के मजरा दुबेपुर दलित बस्ती निवासी राममिलन हरिजन (55) मजदूरी कर परिजनों की आजीविका चलाता था। गुरुवार को वह घर के बगल आम के बगीचे में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ने लगे। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया और पेड़ से नीचे जा गिरे जहां घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पर लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े बुजुर्ग के आकस्मिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## फर्राटा भर रहे ट्रक से निकला स्टेपनी का टायर घर लौट रही महिला के लिए बना काल

**शंकरगढ़।** अक्सर आप लोगों ने सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो या फिर फोटो देखे होंगे, जिसमें चलती हुई गाड़ी का टायर निकलकर किसी दूसरे को हिट कर देता है या फिर इसी तरह की घटना में लोग बाल-बाल बचकर निकल जाते हैं। ठीक इसी प्रकार की एक घटना गुरुवार को यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में घटित हुई। खेत से घर लौट रही महिला के लिए ट्रक का एक टायर मौत का कारण बन गया। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लेदर पचासा के रहने वाले राजधारी आदिवासी की पत्नी कुसुम कली (55) सुबह खेत की तरफ गई थीं। सुबह के तकरीहन छह बजे वह घर की तरफ लौट रही थीं। इसी दौरान शिवराजपुर की तरफ से एक ट्रक, जो बरगढ़ की तरफ जा रहा था, में लगा स्टेपनी का टायर निकल गया और वह उचलते-कूदते हुए कुसुमकली तक पहुंच गया। मौत के रूप में खुद की तरफ बढ़ते टायर के बारे में जब तक कुसुमकली को आभास हो पाता, वह तेज रफ्तार में आरहे टायर की चपेट में आ चुकी थीं।हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घर वालों और मुकामी पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही घरवाले मौके पर पहुंच गए और बेहोशी हालत में कुसुम कली को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। अप्रत्याशित रूप से हुई इस घटना को लेकर लोग हतप्रभ हैं। कुसुमकली की असामयिक मौत से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लूट की घटना का पर्दाफाश, 9 मई को उलदा गांव के पास हुई थी छिनैती

एक लुटेरा 67 हजार नगदी और जेवरात सहित गिरफ्तार, एक फरार



**कोराव।** कोराव थाना क्षेत्र के गत नौ मई को उल्दा गांव के पास दिन दहाड़े बाइक सवार लुटेरों ने शादी ब्याह का सामान खरीद कर अपने बेटी के साथ जा रहे पांडे परिवार से सामान और जेवरात से भरा थैला छीन कर भागने वाले लुटेरे विकास पाल निवासी सेमरी बाघराय कोरांव को दुर्जनी पुर के पास से कोराव पुलिस ने बड़े नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया। और नगदी 67 हजार रुपए 28 ग्राम सोना,174 ग्राम चांदी एक 315, बोर का तमंचा,और लूट में प्रयुक्त अपाची बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। एक मुलजिम भागने में कामयाब रहा। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बदवारी निवासी रामकृष्ण पांडे अपनी बेटी को बाइक पर बिठा कर कोरांव से नौ मई को घर जा रहे थे। उसी समय उक्त लुटेरा जो बैंक आफ बड़ौदा कोरांव के सामने रहता है। अपने एक साथी के साथ उल्दा गांव के पास लूट की घटना को दिन दहाड़े अंजाम दे दिया था। उसी दिन से पुलिस केस वर्क आउट में लगी थी। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने लुटेरे को पुलिस अधिकारियों के पास भी पेश किया और वहां से उसे जेल भेज दिया। चर्चा है कि उक्त लुटेरों का एक गैंग कोरांव और मिजार्पुर प्रयागराज और मध्य प्रदेश बार्डर के इलाकों में ऐसी ही लूट और डकैती तथा मोबाइल चीन कर भागने,जेवरात कैश आदि चीन कर भागने का धंधा करते हैं। विकास पाल के कुछ साथी रिश्तेदार अल्हवा, और कुछ लखनपुर बांस और भांभौर आदि इलाकों के हैं जो बैंकों के पास बड़े रकम बैंक से निकल कर ले आने जाने वालों की रैकी करते हैं और फिर घटना को अंजाम देते हैं। साथ ही दूसरे से भी घटना कराते हैं। उक्त लुटेरों पर कोरांव से ले कर मिजार्पुर आदि इलाकों के थानों में केस दर्ज हैं। यदि पुलिस चाहे तो रिमांड पर ले कर इस तरह की हुई कई घटनाओं का पर्दा फाश कर सकती है।

# कलशयात्रा के साथ शुरू हुई बेदौ में ज्ञान कथा

अखंड भारत संदेश



**करछना।** तहसील क्षेत्र के बेन्दौ गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा वैदिक मंत्रोचार के साथ वेदी पूजन से बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। कथा के प्रथम दिन गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य श्रोता यजमान भागवत पुराण की सिरपर पोथी लिए व अन्य भक्त लोग सहित महिलाएं सिर पर कलश रखकर वेदी मंडप से चलकर गांव की परिक्रमा के साथ गांव स्थित मंदिरों पर पूजा अर्चना की। इसके बाद कलश यात्रा वेदी मंडप में पहुंची। कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य देवव्रत जी महाराज ने श्रीमद्भागवत माहात्म का वर्णन करते हुए लोगों को बताया की कलश यात्रा के जरिए सभी दृश्य व अदृश्य शक्तियों का आवाहन किया जाता है। और इस यात्रा में जो - नर नारी शामिल होते हैं। उन्हें कई तीर्थों के पुण्य फल प्राप्त होते है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान डॉ उमाशंकर शुक्ल व प्रभा शुक्ल की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक आशुतोष शुक्ल व संयोजक अभिजीत शुक्ल मानस की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर स्वतंत्र कुमार मिश्र विपिन कुमार मिश्रा कौस्तुभ शिवांश कान्हा शिवाय आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

### सात दिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**प्रयागराज।** लालापुर रामजानकी कुटी स्थित में सात दिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ पर रामजानकी कुटी से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रभु श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हुआ। श्रीराम कथा में शिवम शास्त्री महाराज जी कथा का वाचन करेंगे। इस मौके पर राजेश पांडेय, नागेश्वर पांडेय, ननका पंडित, आशीष मिश्रा, शिवेंद्र पांडेय, निखिल आदि मौजूद रहे।

### अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पे सुदामा गरीब आ गया है

**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह महरछा बारी में मुख्य यजमान विजयनाथ पांडेय, अविनाश चंद्र पांडेय, अखिलेश चंद्र पांडेय के निवास पर कथा व्यास नित्यानंद शुक्ल महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। कृष्ण और सुदामा के जीवन का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि सुदामा जी भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे श्री कृष्ण से उनकी मित्रता ऋषि संदीपनी के गुरुकुल में शिक्षार्जन के समय हुई। सुदामा जी अपना व अपने परिवार पत्नी तथा बच्चे का भरण पोषण ब्राह्मण रीति के अनुसार भिक्षा मांग कर करते थे सुदामा इतने में ही संतुष्ट रहकर हरि भजन करते रहते थे। एक दिन वह अपनी पत्नी के कहने पर सहायता के लिए द्वारकाधीश श्री कृष्ण के पास गए। उनकी दशा देखकर तीनों लोकों के स्वामी के आंखों से आंसू आ गए। उन्होंने अपने मित्र सुदामा की दो दिन सेवा करके उन्हें वहां से विदा कर दिया। जब सुदामा जी अपने नगर पहुंचे तो उन्होंने पाया की उनकी टूटी-फूटी झोपड़ी के स्थान पर सुंदर महल बना हुआ है महाराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के प्रथम दिवस से लेकर समापन दिवस तक पूरा क्षेत्र कथा सुनकर भाव विभोर हो गया कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर पुरोहित मौला पाठक, आचार्य कमल नयन शुक्ल, आचार्य मनमोहन पांडेय,पारसनाथ पांडेय, काशीनाथ पांडेय, दिनेश चंद्र, अमन, मृत्युंजय, मयंक, अनमोल, किशन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## घर मे घुस कर महिला को मारा पीटा, मुकदमा दर्ज

ट्रैक्टर से दस हजार मूल्य की उर्द जोत लेने पर विरोध करने पर किया कृत्य

**मऊआइमा।** बोई हुई उर्द की फसल को ट्रैक्टर लगा कर गुंडई से जोतवाने पर जब महिला ने विरोध किया तो उसके घर में घुसकर बाल पकड कर घसीटते हुए बेपर्दा कर दिए। पीडिता ने पांच नामजद आठ अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर नेहाल सिंह का पूरा गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि 29 मई को शाम के समय उसके खेत में बोई हुई उर्द को गांव के दबंगों ने गुंडागर्दी से ट्रैक्टर लगा कर जोता दिए। जिससे दस हजार की क्षति हुई। जब उसने विरोध किया तो उसके घर में घुसकर मारे पीटे तथा बाल पकड कर घसीटते हुए बेपर्दा कर दिए। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए महिला के परिजनों के आने पर वह थाने आयी तथा महिला की तहरीर पर मंगलवार की रात में मऊआइमा पुलिस ने महिला की तहरीर पर गांव के राम सूरत शुक्ला उर्फ जंगली, राम प्रवेश शुक्ला उर्फ दीपक ,अनुज शुक्ला उर्फ विशेख ,शिवानन्द ,रामानन्द, आठ अज्ञात निवासी गोदई होलागढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दलित महिला को पीटने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में दलित महिला को दौडा दौडा कर पीटा गया बोलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्रता की गई। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना अंतर्गत बुआपुर गांव निवासनीय एक दलित महिला का आरोप है कि वह घर से काम पर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में दबंगों ने उसे गालियां देते हुए जाति सूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी देते हुए दौडा दौडा कर पीटे।तथा उसके साथ अश्लीलता की गयी। दलित महिला ने मऊआइमा थाने में ग्राम सिंसई सिपाह निवासी बडा मुन्ना, तथा उधवपुर खगिया निवासी गोविन्द यादव के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अनेकों धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### साहेबे हैशियत हर मुस्लिम मर्द -औरत के लिए हज जरूरी है : मुफ़्ती मौलाना हबीबुर्रहमान

मऊआइमा के सारंगी महल से नूर उद्दीन सैफी अपनी अहलिया के संग गुरुवार को हज के लिए हुए रवाना



**मऊआइमा।** हज हर मुस्लिम मर्द औरत के लिए जरुरी है। अलबत्ता वह साहेब हैशियत हो। अल्लाह हज जायरिन के लिए सफर में आसानी फरमाए और हज के सारे अरकान अदा करने की तौफीक दे। उक्त बातें गुरुवार को सुबह मऊआइमा के सारंगी महल में मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान कासमी ने हज यात्रा पर जाते समय नूर उद्दीन सैफी और उनकी अहलिया के जाने से पूर्व कही। मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान कासमी ने मौजूद सैकडों लोगों के सामने दुआ की अल्लाह जिनके दिलों में हज की तडप है उनकी अरमान पूरी करे। मौलाना ने कहा अल्लाह के पाक रसूल को बहुत मुश्किलों का सामना करना पडा। आप भी सब्र करें इसका अज्र जरुर मिलेगा।।दुआ के बाद सैकड़ों लोगों ने हाजी नूर उद्दीन सैफी और उनकी अहलिया को नम आंखों से बिदा किए। इस अवसर पर नदीम इंतेखाब ,शोएब चेयरमैन ,पूर्व चेयरमैन उमर एडवोकेट ,रिजवान फारुकी, राशिद लतीफ ,उमर ,हकीम उद्दीन ,सलीम ,बहाल उद्दीन ,मेराज आरिफ ,मोहम्मद अनस, उमैर जलाल ,अबसार,जैद उस्मानी, अनीस, आसिफ, कौशरगयास आदि मौजूद रहे।

### पीएम किसान सम्मान योजना किसानों के लिए बनी वरदान



**सोरांव।** ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत पंडिला में बुधवार को सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीकरण अभियान के तहत एक कैंप कृषि विभाग द्वारा लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान राम अचल यादव ने किया। जिसमें किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के साथ ही साथ कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे बीज वितरण, कृषि पंजीकरण, कृषक उत्पादन संगठन, विद्युत विभाग द्वारा संचालित पंपों को सोलर से जोड़ने की प्रक्रिया आदि पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया गया। वर्तमान में राजकीय बीज गोदाम सोरांव में उपलब्ध धान और अन्य फसलों के बीच पर अनुदान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विकास खंड सोरांव द्वारा विद्युत से संचालित निजी पंपों को सोलर पंप में जोड़ने की योजना 90% अनुदान पर उपलब्ध है। उपरोक्त बातें सत्य प्रकाश यादव सहायक विकास अधिकारी(कृषि) सोरांव द्वारा विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम स्थल पर कृषि विभाग से सुधीर कुमार (एटीएम) उमेश चंद्र तकनीकी सहायक पंचायत सचिव रिद्धि मिश्रा, लेखपाल अनिल कुमार सरोज, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से अमरनाथ पटेल, पंचायत सहायक धनराज यादव, विजय कुमार (जिला पंचायत सदस्य) संग कृषक अनिल कुमार, रमेश कुमार, प्रमोद कुमार, दिनेश यादव व लल्लू मौर्या सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### डीजे की चपेट में आने से बाइक सवार दो किशोर गंभीर



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के जेवनिया चौकी अंतर्गत डीजे की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। मिली जानकारी केअनुसार मेजा के मदरा मुकुंदपुर निवासी अजय लाल के यहां से बुधवार को बारात गई थी जहां गुरुवार को बारात वापसी होने पर अजय लाल के बहन का लड़का अमृत पुत्र राजू कुमार 16 वर्ष निवासी बनौता खामनपुर मिजार्पुर अपने ममेरे भाई अनुज पुत्र अजय लाल 15 वर्ष के साथ जेवनिया बाजार गया था जहां वापसी के दौरान घर के नजदीक मदरा डाडी के पास डीजे की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे परिवारजनों द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर ले जाया गया जहां उपचार के पहले ही अमृत की मौत हो गई।

### बिसहिजन कला मे वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**मेजा।** मेजा विधानसभा में क्षेत्र वृंदावन गेस्ट हाउस अधिकारी नगर बिसहिजन कला मे वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी रही यह बैठक मोदी सरकार के 9 साल कार्यकाल पूरे होने के उपरांत 1 जून से 30 जून तक महा संपर्क अभियान के तहत रखा गया प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद जी ने मोदी सरकार की जम कर तारीफ करते हुए कहा की नयी सांसद आत्मनिर्भर भारत की बड़ी पहचान है कार्यक्रम मे जिला महामंत्री विक्रमाजीत मौर्य, पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ला डॉ अमरेश तिवारी राजू शुक्ला मंडल अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला जीत नारायण भगवानदास मौर्य आशीष मिश्रा मुन्ना जी संत प्रकाश पांडे जी दिनेशदिनेश शुक्ला विनीत शुक्ला जी व बहुत से वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाह रे प्रयागराज की आरटीओ, हादसे से बाल बाल बची टूरिस्ट बस



**सहसों।** धन उगाही में मशगूल प्रयागराज की बेपरवाह आरटीओ के डर से भाग रहे ट्रक ने टूरिस्ट बस में टक्कर मार दिया परंतु यात्री भरी टूरिस्ट बस पलटने से बाल बाल बच गई। थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर टोल प्लाजा पर गुरुवार को सुबह 6 बजे आरटीओ की चेकिंग के डर से भाग रहे ट्रक समेत चालक ने एक टूरिस्ट बस में टक्कर मार दी। जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसका शीशा टूट गया। परंतु बस चालक की सूझबूझ से सभी यात्री बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे टूरिस्ट बस चालक जयपुर निवासी लालचन्द्र ने जयपुर से 40 यात्रियों को लेकर वाया प्रयागराज होते हुए वाराणसी जा रहा था। जैसे ही वह सहसों बाजार के आगे नेशनल हाईवे के भोपतपुर टोल प्लाजा से वाराणसी की तरफ मुड़ी वैसे ही दूसरी लेन पर प्रयागराज की आरटीओ की डर से भाग रहे ट्रक समेत चालक ने अनियंत्रित होकर टूरिस्ट बस चालक की तरफ टक्कर मार दी। जिससे बस के सासने का सीसा टूट गया व बस क्षतिग्रस्त हो गई। परंतु चालक की सूझबूझ से बस पलटने से रही और सभी यात्री बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस एवं थरवई पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्रवाई की। परंतु चिंतन विषय यह है कि बेपरवाह धन उगाही में मशगूल प्रयागराज की आरटीओ की लापरवाही से आज एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। जहां एक और प्रयागराज की आरटीओ से वाहन चालक समेत वाहन मालिक परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ स्थानी नागरिक भी इनसे त्रस्त हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आरटीओ वाले जहां चाहते हैं वहीं पर चेकिंग लगाकर ओवरलोड गाड़ियों से मनमाना पैसा वसूल कर छोड़ देते हैं।

# ब्राम्हण क्षत्रिय एकता मंच द्वारा निकाली गई शोभायात्रा





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** गंगापार के सहसों क्षेत्र स्थित ग्राम सभा चकिया घरहरा में गुरुवार को ब्राह्मण क्षत्रिय एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक क्रांति गुरु गणेश बल्लभ द्विवेदी की अगुवाई में ब्राह्मण दिवस के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के इस अवसर पर गणेश बल्लभ द्विवेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव से ही समाज को नया रास्ता दिखाने का काम करता रहा है। ब्राह्मण अपने कर्मों की वजह से ही समाज में सम्मान प्राप्त करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि जब जब समाज दिग्भ्रमित होता है या शासन सत्ता दिग्भ्रमित होती है तो ब्राह्मण समाज ही इस समाज को एक नया रास्ता दिखाने का काम करता है। उन्होंने कहा राजनैतिक दल हमारे समाज को वोट बैंक के रूप में प्रयोग करते हैं इसलिए ऐसे राजनैतिक दलों से सावधान रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधानपति सूरज मिश्रा, बब्बू द्विवेदी, अजय पांडेय, कमला कांत पांडेय, राजन दूबे, बाल मुकुंद ओझा, केडी मिश्रा, आनंद पांडेय सहित आदि गणमान्य विप्र जन शामिल रहे। इसी प्रकार नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय गारापुर में गुरुवार को समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के अवसर पर आचार्य पंडित ऋषि चाणक्य की जयंती एक गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी में मौजूद संगठन के वरिष्ठ संगठन मंत्री कृष्ण बल्लभ द्विवेदी ने आचार्य चाणक्य के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जयंती पर ब्राह्मण समाज के संगठनों एवं समाज के प्रबुद्ध जनों से आग्रह किया कि अभी भी समय है कि हम सब एकजुट होकर ब्राहमण समाज के लिए तत्परता से बिना ईर्ष्या द्वेश से काम करें अन्यथा हम सभी को पछताने का भी समय नहीं मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सत्येंद्र त्रिपाठी, विजय तिवारी, कृष्ण देव दुबे, अश्वनी कुमार, चंद्र मोहन तिवारी, विनोद शुक्ला, विवेक शुक्ला, अमन मिश्रा भीम, अनुराग मिश्र, चिंतामणि शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, शेष नारायण तिवारी, आशीष शुक्ला, मनीष कुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार शुक्ला, राम शिरोमणि मिश्र, राकेश तिवारी , प्रवेश कुमार शुक्ला, सुनील तिवारी, विष्णु शुक्ला, पंकज शुक्ला, राज तिवारी एवं प्रिययं मिश्र सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अमेठी समाचार

# जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी के नेतृत्व में वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक हुई संपन्न

अखंड भारत संदेश

**शुकुल बाजार अमेठी।** राम कुमार स्मारक विद्यालय में वरिष्ठ नागरिक बैठक के विधानसभा संयोजक गिरीश चंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अमेठी जनपद के जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी मौजूद रहे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शंकर बख्श सिंह ने मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, रमेश शुक्ला, रामप्रताप तिवारी, डॉ ओंकार नाथ सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरण सिंह सहित बैठक में उपस्थित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र उनका स्वागत किया, सम्मानित किया। साथ ही साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से 2024 ऐतिहासिक विजय के लिए अभी से जुट जाने के लिए आग्रह

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित




किया साथ ही साथ बताया कि केंद्रीय मंत्री अमेठी सांसद के नेतृत्व में अमेठी का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार के विकास कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि घर घर जाकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं। जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस मुकाम पर है यह कार्यकर्ताओं की देन है कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना वही कार्यक्रम के संयोजक गिरीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि इस तरह के आयोजन पूरी विधानसभा में होने हैं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में 2024 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है। बैठक में प्रमुख रूप से मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, सोशल मीडिया जिला संयोजक प्रशांत शुक्ला, मंडल महामंत्री दिनेश कौशल, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री विपिन बैश्य, युवा भाजपा नेता हरकेश तिवारी, विश्व प्रकाश शुक्ला, पूर्व प्रधान राम राज उर्फ गोली, प्रधान प्रतिनिधि भाईलाल सहित सभी शक्ति केंद्र संयोजक समस्त मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पुलिस द्वारा 01 किग्रा0 गांजा व 16 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**शुकुल बाजार अमेठी।** में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उ0नि0 प्रमोद कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 02 अभियुक्त मोहनलाल पुत्र रामू नि0 नया का पुरवा मजरे अब्दुल बाहरपुर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष व नदीम पुत्र अनीस नि0 नया का पुरवा मजरे अब्दुल बाहरपुर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को रानीगंज नहर पुलिया के पास से समय करीब 10:30 बजे गिरफ्तार किया गया। तलाशी से गिरफ्तार अभयुक्तों के कब्जे से कुल 01 किग्रा0 गांजा व 16 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम का मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ





**अखंड भारत संदेश**

## पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों हेतु आयोजित स्वनिधि महोत्सव

### पी0एम0 स्वनिधि योजना के माध्यम से पथ विक्रेता बन रहे हैं आत्मनिर्भर

### क्रेडिट अच्छी होने पर योजनान्तर्गत जल्द एवं ज्यादा धनराशि का ले सकेंगे ऋण : मंत्री

### मंत्री जी ने जिला पंचायत परिसर में लगायी गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**प्रयागराज।** मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, उ0प्र0 नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी के द्वारा नगर निगम/डूडा द्वारा पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों हेतु जिला पंचायत सभागार में आयोजित स्वनिधि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंत्री जी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री जी ने पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु पी0एम0 स्वनिधि योजना को बहुत लाभकारी बताते हुए कहा कि ह्यह्यहमें विरासत में क्या मिला के बजाय हम विरासत में अगली पीढ़ी के लिए क्या छोड़कर जायेंगे, इस सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए पथ विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। मंत्री जी ने कहा कि हमें पहले साहूकार से 10 हजार रुपए का ऋण लेने के लिए अपने गहने-जेवर एवं जायदाद गिरवी रखने पड़ते थे तथा प्रतिदिन के हिसाब से ब्याज देना पड़ता था, जिसकी दर अत्यधिक होती थी, जो कि पी0एम स्वनिधि योजना के माध्यम से बैंक आपको सस्ती दर पर सिर्फ आपके बैंक के लेन-देन को देखकर उपलब्ध करा रहे है। उन्होंने कहा कि यदि आप अपना लेन-देन समय से करते रहेंगे, तो क्रेडिट अच्छी होने से आपको जल्द एवं ज्यादा धनराशि का लोन भी मिलेगा तथा साहूकारों से छुटकारा मिल सकेगा। उन्होंने सभी पथ विक्रेताओं को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रशंसा करते हुए इसे पथ विक्रेताओं के लिए वरदान बताया। उन्होंने पथ विक्रेताओं से कहा कि व्यवसाय के साथ-साथ अपने आस-पास साफ-सफाई का ध्यान अवश्य दें। विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना से समाज के वंचित नागरिकों की आय बढ़ेगी तथा उनके बच्चों का भरण-पोषण बेहतर ढंग से हो सकेगा तथा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सकेंगे। विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चैधरी ने कहा कि सरकार लोगो की आवश्यकता के अनुरूप कार्य कर रही है। आप सभी लोग स्वरोजगार करते हुए अन्य लोगो को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करायें।इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि पथ विक्रेताओं के साथ पूंजी की समस्या रहती है, जिससे कि वे लम्बे समय तक अपना व्यवसाय नहीं चला सकते है। उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रोज कमाना पड़ता है। कोरोना काल में यह समस्या बढ़ गई थी। पथ विक्रेताओं को पूंजी हेतु साहूकारों से अत्यधिक ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता है। प्रधानमंत्री जी के द्वारा पथ विक्रेताओं की इस समस्या को ध्यान रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने व उनके भविष्य को संवारने के लिए पीएम स्वनिधि योजना प्रारम्भ की। इस योजना के आने से पथ-विक्रेताओं को अपने सपनों को संवारने में मदद मिल रही है तथा उनकी कठिनाईया दूर हुई है। जनपद में 35 हजार से अधिक लोगो को इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित कराया गया है। योजनान्तर्गत अधिकांश लोगो के द्वारा प्राप्त ऋण को वापस बैंको को अदा भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब वे अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए योजनान्तर्गत 20 हजार व 50 हजार रुपए तक ऋण ले सकते है। जनपद में महिलाओं के द्वारा इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा रहा है, इससे वे स्वावलम्बी बन रही है।स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में स्वनिधि योजना व अन्य योजनाओं, क्यूआर कोड़ व ऑनलाइन पेमेंट माध्यम से लेनदेन, पथ विक्रेताओं की समस्याओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में जिलाधिकारी व नगर आयुक्त के द्वारा पी0एम0 स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दी गयी तथा पथ विक्रेताओं से टैर्जफिक नियमों तथा साफ-सफाई का ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर फल विक्रेता मो0 नसीम के द्वारा इस योजना के बारे में अपना अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम में पथ विक्रेताओं के बच्चों द्वारा ग्रुप डांस की प्रस्तुति व नुक्कड़ नाटक के द्वारा इस योजना के बारे में उपस्थित लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता, साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण आदि के सम्बंध में लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ शुभांकर गणेश की वंदना कार्यक्रम से किया गया तथा देश भक्ति से सम्बंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंत्री जी के द्वारा रुपए 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार तथा डिजिटल लेनदेन के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया।इसके पश्चात मंत्री जी के द्वारा जिला पंचायत परिसर में पथ विक्रेताओं द्वारा लगाये गये फूड स्टॉल, स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाये गये उत्पादों एवं पंजाब नेशनल बैंक, यूनियम बैंक, बड़ौदा यूपी बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक तथा इंडियन बैंक के स्टॉलों पर जाकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर पूर्व व नवनिर्वाचित पार्षदगणों के अलावा अपर नगर आयुक्त रत्नप्रिया, परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह, अपर नगर मजिस्टेट गणेश कनौजिया, नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारी, बैंक के अधिकारी व स्वनिधि योजना के लाभार्थीगण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर छेड़खानी का मुकदमा

**मेजा।** मेजा में नेवढ़िया कला स्थित स्कूल के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य पर शिक्षिका ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा को तहरीर दी। शिक्षिका की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बनकर रह गया है।मांडा थाना क्षेत्र के नेवढ़िया कलां गांव स्थित अंग्रेजी माध्यम स्कूल की एक शिक्षिका का आरोप है कि बीते एक सप्ताह पूर्व वह स्कूल पहुंची। इस दौरान प्रबन्धक और प्रधानाचार्य ने कार्यालय में बुलाकर अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि अभद्रता के विरोध पर आरोपियों ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।मामले में शिक्षिका ने स्थानीय पुलिस समेत मेजा एसीपी विमल किशोर मिश्रा को नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पुलिस ने जांच के बाद प्रबन्धक ताड़केश्वर नाथ शुक्ला व प्रधानाचार्य गिरीश मिश्रा के विरुद्ध अश्लील हरकत समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल के जुट गई है।मामले में मांडा प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम का कहना है कि शिक्षिका की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसकी गहराई से जांच कराई जा रही है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 9वर्षीय अंश के हिम्मत व हौसले को सभी ने सराहा

# अंश ने 10:30 मिनट में तैरकर पार की यमुना

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी के विद्या पीठ स्कूल महेवा पार अंश 6:50:30 बजे फिनिश लाइन टच की। अंश ने 10 मिनट 30 सेकेंड की बेस्ट टाइमिंग निकाली कहते हैं हौसले और हिम्मत के आगे बड़ी से बड़ी मुश्किलें भी आपको रास्ता देने पर मजबूर हो जाती हैं खेलने-कूदने की उम्र में अंश ने महज 9 साल में अपनी जिद, हौसले और जज्बे के आगे आधा किलोमीटर लंबी यमुना को 10 मिनट 30 सेकेंड में पार कर सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया नवजीवन तैराकी क्लब के तत्वाधान में हर साल की भांति इस साल भी तैराकी प्रशिक्षण शिविर में करीब 200 प्रशिक्षु तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं इनमें सबसे कम उम्र (9वर्ष) के बच्चे अंश है खास बात यह है कि इस प्रशिक्षण में 60 वर्ष तक के लोग भी शरीक हो रहे तैराकी प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद, कमला निषाद, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले मानस निषाद के कुशल नेतृत्व में गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं इसी क्रम में गुरुवार को 9 वर्षीय अंश मोटवानी पुत्र किशोर निवासी सिन्धी कालोनी, औरंगाबाद महाराष्ट्रने सुबह 6:40 बर्जे मीरापुर सिधु सांगर ककरहा घाट से यमुना नदी में तैरना शुरू किया यमुना की दूसरी ओर विद्या पीठ स्कूल महेवा पार अंश 6:50:30 बजे फिनिश लाइन टच की। अंश ने 10 मिनट 30 सेकेंड की बेस्ट टाइमिंग निकाली। अंश का उत्साह बढ़ाने के लिए नावों से उनके परिजन और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु भी मौजूद रहे। दर्शक गंगा मैया की जय, यमुना मैया की जय और भारत माता की जय के जयकारे लगाते रहे। तालियों की गड़गड़ाहट से यमुना गूंज उठी। अंश जैसे तैरकर यमुना पार की उनकी मां प्रतिभा मोटवानी ने उसे गले लगा लिया और भावुक हो गई। बोलीं-अरे मेरा बच्चो तूने इत्ती सी छोटी उम्र में यमुना नदी पार कर ली। मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा। अंश मोटवानी ने अपनी शिक्षिका कमला निषाद व पलक मेहरोत्रा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा के भतीजे मनीष मिश्रा का मकान किया कुर्क

**अखंड भारत संदेश**

### पुलिस ने मनोज मिश्रा के इसी मकान को विजय मिश्रा की बेनामी संपत्ति बताई जा रही है





**प्रयागराज।** आल्लापुर में बने इस मकान की कीमत करोड़ो रुपये में है मनोज मिश्रा के घर नोटिस चस्पा करती भदोही पुलिस भदोही जनपद के ज्ञानपुर के पूर्व विधायक बाहुबली विजय मिश्र के भतीजे मनीष मिश्रा के आलीशान मकान को गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत भदोही पुलिस ने कुर्क किया प्रयागराज के आल्लापुर में बने इस मकान की कीमत करोड़ो रुपये में है आरोप है ये प्रापर्टी विजय मिश्रा की बेनामी संपत्ति है, जिसे मनीष मिश्रा के नाम पर खरीदा गया था अआज भदोही पुलिस ने मकान के बाहर कुकी का नोटिस चस्पा किया अऔर घर में रहने वाले लोगों को मकान खाली करने को कहा मकान खाली होने के बाद पुलिस सरकारी तालता बंद करके घर को सील करेगी पूर्व विधायक विजय मिश्रा कई साल से जेल में बंद है विजय मिश्रा पर उनके ही रिस्तेदार ने फ्रॉड और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था इस वक्त विजय मिश्रा आगरा जेल में बंद है पूर्व विधायक विजय मिश्र के भाई ने उनके व पुत्र, पत्नी राम लली मिश्रा के खिलाफ चार अगस्त 2020 को गोपीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप लगाया था कि विजय मिश्र ने 2001 में मेसर्स कृष्ण मोहन तिवारी फर्म पर जबरन कब्जा कर लिया है मकान में रह रहे हैं फर्म का पैसा स्वयं, अपने पुत्र व पत्नी के खाते में स्थानांतरित कर रहे हैं। पांच चेक पर शिकायतकर्ता के जबरन हस्ताक्षर ले लिए वसीयत लिखने का दबाव बना रहे और पूरे परिवार को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने यह रिपोर्ट दर्ज की थी।

# प्रीतम नगर में बदमाशों ने की रिटायर्ड फौजी की हत्या, पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के धूमनगंज थाना क्षेत्र में अबूबकरपुर चौराहे के पास बदमाशों ने एक रिटायर्ड फौजी की सिर पर ईट से वार करके मौत के घाट उतार दिया। कातिल उनके गले से सोने की चेन, जेब से पैसे, पर्स व अन्य सामान छीन कर भाग गए।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उनको अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनके साथ मौजूद दोस्त के बयान के आधार पर उनकी पत्नी ने धूमनगंज थाने में आधा दर्जन अज्ञात असलहाधारियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**दोस्त के साथ बाजार गया था रिटायर्ड फौजी :** धूमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुवन बिहार कॉलोनी, उमर कोट, नीवा निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ लल्लन सिंह सेना से रिटायर्ड सैनिक है। वह अपनी पत्नी सुशीला सिंह और बच्चों के साथ धूमनगंज में रहते हैं। उनकी पत्नी के मुताबिक वह अपने दोस्त सोहेब पाल के साथ मोटरसाइकिल से बाजार में सामान खरीदने गए थे। बुधवार को ही धर्मेंद्र सिंह ने पेंशन के पैसे निकाले थे।

**बदमाशों ने सोहेब पाल के साथ की अभद्रता:** वापस लौटते समय अबूबकरपुर चौराहा, प्रीतम नगर में वह कुछ और सामान खरीदने लगे। उसी दौरान तीन बाइक से छह अज्ञात लोग आए। उन्हें गाली गलौज करने लगे। उनके साथ गए साथी सोहेब पाल ने उन्हें मना किया। जिससे बदमाशों ने सोहेब पाल के साथ भी अभद्रता की। इस दौरान जब धर्मेंद्र कुमार सिंह ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले उनकी लात घूसों से पिटाई की। तमंचे से गोली मारने की कोशिश की गई।

**ईट से सिर पर किया वार :** इसी दौरान उनमें से 2 लोगों ने ईट उठाकर उनके सिर पर कई वार कर दिया। जिससे उनका सिर फट गया। जिससे वह वहीं गिर गए। सोहेब पाल ने बीच-बचाव करके 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गई। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर मिली है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# बिजली मिस्त्री की मौत के 24 घंटे बाद भी नही दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

### फोन की आखिरी लोकेशन से खुलेगा मौत का राज

**झूंसी।** बिजली मिस्त्री के मौत के 24 घंटे बीत गए है पर यह रहस्य बना की उसकी मौत फांसी से हुई है तो लाश यहा कैसे आई। हालांकि अभी भी मामले की रिपोर्ट दर्ज नही हुई है पर पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस को मृतक के फोन के आखिरी लोकेशन का इंतजार है साथ ही उसकी पहली पत्नी के परिजन भी पुलिस के राडार पर है। सरायइनायत के लगड़ीपुर निवासी चिरौंजी लाल बिंद पुत्र रामराज बिंद बिजली मिस्त्री था। बुधवार की सुबह उसकी लाश झूंसी के कनिहार कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे बाग में मिली थी। उसके गले पर रस्सी के निशान थे। परिजन भी मामले में कुछ नही बात पा रहे है न ही अभी तक कोई तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम में फांसी से मौत की पुष्टि हुई है अब सवाल यह है कि अगर चिरौंजी लाल ने फांसी लगाई तो लाश यहा कौन फैक गया। मृतक का मोबाइल गयाब है पुलिस उसकी काल डिटेल व लास्ट लोकेशन का पता लगा रही है। मृतक अपनी पहली पत्नी की हत्या में जेल भी जा चुका है। बताया जाता है कि पहली पत्नी के घर वालो ने एक बार चिरौंजी के भाई को पीटा था जिसकी एनसीआर भी झूंसी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस पहली पत्नी के घर वालो से भी पूछताछ कर सकती है।

# फूलपुर विधायक निधि से होगा सैदाबाद की गुंजा का पूरा इलाज

### प्रवीण पटेल लखनऊ से आते ही गुंजा को देखने पहुंचे अस्पताल विधायक निधि से अस्पताल के खाते में 1.56 लाख दिया

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल लखनऊ से आने के बाद गुरुवार को गुंजा को देखने हनुमानगंज, बीकापुर गामा चिकित्सा संस्थान पहुंचे। आईसीयू में भर्ती बिटिया गुंजा का हाल पूछा और उसे ढ़ाढ़स बंधाते हुए उसके इलाज में आने वाले संपूर्ण खर्च को विधायक निधि से प्रदान करने का आश्वासन दिया। वैसे गुंजा की हालत में अब काफी सुधार है। सैदाबाद, ढ़ोकरी की गुंजा का 22 म ?ई को डीजे जनरेटर की पंखी में बाल फंसने से स्किन सहित पूरा बाल उखड़ गया था। अखबारों में प्रकाशित खबर को संज्ञानता में लेकर विधायक ने लखनऊ से ही फोन पर गुंजा के इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया था। गुरुवार को विधायक ने गुंजा के परिजनों से मिलकर बताया कि अस्पताल से गुंजा के इलाज हेतु दिए गए स्टीमेट के मुताबिक 1.56 लाख अस्पताल के खाते में अवमुक्त करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। सीडीओ को व्यक्तिगत तौर पर यथाशीघ्र धनराशि प्रदान करने के लिए भी कहा गया है। अब गुंजा के इलाज में पैसे की दिक्कत नहीं आएगी। इस दौरान काशी क्षेत्र महामंत्री संतोष पटेल, डीसीएफ चेयरमैन प्रेम कुमार सिंह लल्ले, गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, विमलेश पटेल, त्रिलोकी सिंह, संदीप दुबे, डब्बू दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



## कटान से टूटी सीवर लाइन विभाग नही दे रहा ध्यान

**झूंसी।** कटाना का दायरा झूंसी की बढ़ता जा रहा है। कटान से लगातार सड़क ढह रही है जो आवागमन करने वालो के लिए खतरा साबित हो सकती है। वही कटान की जद में आने की वजह से सीवर के लिए बिछाई गई पाइप लाइन भी छतिग्रस्त हो गई है। अब छतनाग में बन रहे एसटीपी पर भी खतरा पैदा हो रहा है। आगामी कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेले क्षेत्र के आसपास सभी सड़को को चौड़ा किया जाना है कुछ का तो काम भी चल रहा है पर बीते कुम्भ मेले के दौरान गंगा किनारे बनी सड़क महीनों से कटान की चपेट में 100 मीटर तक सड़क का कुछ हिस्सा कटान में ढह भी गया है पर कार्यदाई संस्था का ध्यान इस वोर नही जा रहा है। कटान की वजह से सीवर लाइन भी टूट गई। जिसेस सरकार को लाखों नुकसान हुआ है। खास बात यब है कि इसी सड़क पर गंगोली शिवाला, शिव गंगा आश्रम, क्रियागोग आश्रम, टीकर माफी, सोहम आश्रम सहित कई आश्रम स्थित है। टीकर माफी आश्रम के सन्त हर्ष चैतन्य महराज ने बताया कि यह सड़क पुरानी जीटी रोड से छतनाग मुक्ति धाम होते नागेश्वर मंदिर तक जाती जाती है। आम दिनों में भी साधु संतों के साथ स्थानीय लोगो का आवागमन होता हैं। जो अब आने जाने वाले के लिए खरनाक साबित हो सकती है।

# चिरकुट इलाहाबादी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** यमुनापार क्षेत्र के देवरी नींबी गांव में स्वर्गीय कवि कुटेश्वर त्रिपाठी चिरकुट इलाहाबादी के तेरहवीं के दिन बुधवार की शाम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बीस से अधिक कवियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। देर रात तक चले काव्यात्मक कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि शंभु नाथ त्रिपाठी अंशुल ने किया। डॉ वीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि तथा गजेंद्र प्रताप सिंह व बाबू फतेह बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जगदम्बा शुक्ल ने किया।कवि रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश की वाणी वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। श्रृंगवेरपुर रामायण मेला के अध्यक्ष बालकृष्ण पाण्डेय ने चिरकुट जी से जुड़े अपने संस्मरण सुनाए तो रामलखन शुक्ल, राजेन्द्र शुक्ल, लखन प्रतापगढ़ी, मोहनजी शुक्ल, अनगढ़ इलाहाबादी, अशफीर्लाल, मंजू पाण्डेय महक जौनपुरी, काव्या, नैंसी त्रिपाठी, उत्कर्ष, जमदग्नि त्रिपाठी, रत्नेश द्विवेदी आदि कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की विशिष्ट अतिथि गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हास्य व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर चिरकुट जी के अचानक चले जाने से साहित्य जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है। संचालक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने पिछले पच्चीस वर्षों में चिरकुट जी के साथ साझा किए गए काव्यमंचों के कई संस्मरणों का जिक्र किया अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अंशुल ने दिवंगत कवि के साथ बिताए गए दिनों के विषय में जानकारी साझा किया। दिवंगत कवि के इकलौते पुत्र अनुराग त्रिपाठी ने आगत अतिथियों का आभार प्रकट किया। अंत में कवियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# ऐतिहासिक तालाब में नाले का पानी गिराने पर व्यापारियों ने किया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

### व्यापार मंडल ने विधायक प्रवीण पटेल को सौंपा ज्ञापन



**हनुमानगंज।** जीटी रोड हनुमानगंज कस्बे का गंदा पानी ऐतिहासिक पक्का तालाब सराय लाहुरपुर में गिराए जाने का हनुमानगंज व्यापार मंडल ने कड़ा विरोध किया है। गुरुवार को व्यापारियों ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश कुमार केसरवानी मुन्ना की अगुवाई में फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल नगर अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने ज्ञापन में कहा कि ऐतिहासिक पक्का तालाब हमारी संस्कृतियों का धरोहर है। कभी इस विशाल तालाब के मीठे जल से राहगीर प्यास बुझाते थे। तथा क्षेत्रीय लोग नहाने कपड़ा धोनें में जल प्रयोग करते थे। किंतु उदासीनता का आलम यह है कि वर्षों से इस तालाब में गंदें नाले का पानी गिराया जा रहा है। तालाब के महत्व को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ने तालाब के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 96 लाख रुपए स्वीकृत किया है। वर्तमान में जीटी रोड चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। पुराने नाले को तोड़कर नया नाला बनाया जा रहा है। नए नाले का गंदा पानी पक्के तालाब में गिराने के बजाय बाजार के पूर्वी छोर बच्ची बंधा नाले में गिराया जाएं। विधायक ने व्यापारियों को अस्वस्थ करते हुए पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से बात कर नाले का तालाब नहीं गिराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू, प्रधान वाहिद अली, धर्मेंद्र जायसवाल, राजाराम केसरवानी, बैजनाथ चौरसिया, सुनील केसरवानी, शरद केसरवानी, तुलसीदास चौरसिया, रमन मोदनवाल, आशीष केसरवानी, विकास केसरवानी आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

# विधायक सदर ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित

## तुलसी सदन में धूमधाम से मनाया गया पीएम स्वनिधि महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) में पीएम स्वनिधि महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान विधायक सदर ने तुलसीसदन परिसर में रेहड़ी पटरी वालों, समूह की महिलाओं एवं विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की।

प्रारम्भ में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना का शुभारम्भ 01 जून 2020 को किया गया था इसके अन्तर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स को


प्रदर्शनी का अवलोकन करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

आजीविका एवं व्यवसाय बढ़ाने के लिये ऋण प्रदान किया जाता है और उन्हें मूलभूत सुविधायें दी जाती है। उन्होने कहा कि कोरोना काल में छोटे-छोटे व्यवसाय द्वारा आय प्राप्त करने वाले वेण्डरों/ रेहड़ी पटरी वालों ने अपना व्यवसाय खो दिया था उनको पुनः अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिये देश के प्रधानमंत्री जी ने पीएम स्वनिधि योजना से ऋण देकर अपने पैरों पर खड़ा करने का एक जरिया प्रदान किया है। उन्होने कहा कि गरीब तबका जो कारोबार करने का विचार बना रहा है उसके लिये पीएम स्वनिधि योजना वरदान से कम नही है और बिना गारन्टी के ऋण प्राप्त किया जा सकता है। पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका एवं व्यवसाय बढ़ाने हेतु मददगार सावित होगी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं के विषय में जानकारी दी और कहा कि अपने साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये जागरूक करें। इस अवसर पर एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को 10 हजार रुपए का लोन मिलता है और इस लोन पर सरकार सब्सिडी भी प्रदान करती है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडा/उपजिलाधिकारी जितेन्द्र पाल ने उपस्थित जनसामान्य को पीएम स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल शेखर झा ने भी पीएम स्वनिधि एवं बैंकों में संचालित अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। नेहरू युवा केन्द्र के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी तो वहीं राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा पीएम स्वनिधि योजना पर आधारित एक नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर एवं अन्य अतिथियों ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं एवं नेहरू युवा केन्द्र के कलाकारों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण मौर्य सहित डूडा कार्यालय, नगर पालिका परिषद बेल्हा के कर्मचारी सहित धर्मेन्द्र कुमार ओझा व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।


नवयुवक मतदाताओं को प्रमाण पत्र देते सांसद।

## प्रवास के दौरान सांसद ने नवयुवक मतदाताओं को दिया प्रमाण पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संगम लाल गुप्ता अपने संसदीय क्षेत्र लगातार रात्रि में प्रवास कर रहे हैं। सांसद संगम लाल गुप्ता पट्टी विधानसभा क्षेत्र के आसपुर देवसरा के रामपुर बेल्हा गांव में पहुंच कर जनता की मूलभूत सुविधाओं को जानने की कोशिश की। इस दौरान गरीब लोगों के झुग्गी झोपड़ियों में पहुंचकर खाना खाते हुए उनकी समस्या सुनकर समस्या का निस्तारण करने का सांसद ने काम किया। इस कार्यक्रम के दौरान नवयुवक मतदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सांसद द्वारा सम्मानित किया गया तथा महिलाओं का सम्मान बढ़ाने के लिए गर्भवती महिलाओं को एक साड़ी एवं मिठाई एवं मां शीतला देवी की तस्वीर देकर महिलाओं का सम्मान एवं उनका हौसला बढ़ाने का काम किया गया। इस दौरान सांसद ने प्रवास के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं जनता को बताई।

## वतन की आन जिंदा है वतन की शान जिंदा है

### पृथ्वीराज चौहान के जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ कवि सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के लाला का पुरवा मधुकारपुर में बुधवार की शाम पृथ्वीराज चैहान के जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी सीआरपीएफ प्रभाकर त्रिपाठी, डीआईजी राजेंद्र पांडेय व विशिष्ट अतिथि कर्नल अजय सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवम पृथ्वीराज चैहान की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवम माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरूवात देश के चर्चित ओजस्वी कवि राम भदावर ने अपनी रचनाओं को सुनाकर श्रोताओं में जोश भरा।मैनपुरी कवि मनोज चैहान ने वतन की आन जिंदा है वतन कि शान जिंदा है पढ़कर लोगो में चेतना का संचार



मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

किया। वहीं राजस्थान के हास्य कवि देवेंद्र वैष्णो, आईएएस डॉक्टर अखिलेश मिश्र व फिल्म जगत के गीतकार राजेश कुमार समेत सभी ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों को प्रस्तुत कर आए हुए श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इससे पूर्व आयोजक कुलवंत सिंह चैहान ने सभी कवियों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सारस्वत सम्मान किया। संयोजक हरिबहादुर हर्ष ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया व कार्यक्रम का संचालन सतीश मधुप ने किया। इस मौके पर सलोन विधायक अशोक कोरी, निकेत भारद्वाज, कमलेश पाल, योगेंद्र सिंह, संकट सिंह, देवेंद्र सिंह चैहान, गुरुवचन सिंह, सतीश गौड़, महेंद्र सिंह समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लखनऊ में वकीलों के साथ पुलिसिया अभद्रता की हो उच्चस्तरीय जांच

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओ के ऊपर किये गये हमले को पुलिसिया निरंकुशता की बबर्रता करार दिया है। गुरूवार को जारी बयान में उन्होनें कहा कि कुछ अधिवक्ता थाने में समस्याओं को लेकर गये जिनके साथ वहां के प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों द्वारा गालीगलौज के साथ धक्कामुक्की करते हुए अभद्र व्यवहार किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश के मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे गये पत्र में इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की भी मांग की है।

## आखिर कैसे बुझे प्यास जब अध्यक्ष की होर्डिंग ही बनी अवरोधक

### होल्डिग लगाकर वाटर एटीएम किया बाधित, राहगीर हो रहे परेशान


होर्डिंग से ढका वाटर एटीएम।

### होल्डिंग लगाने में नियमों को किया गया है दरकिनार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर अध्यक्ष की लगी होलि्ंडग हर तरफ से नियमो को दरकिनार करती हुई नजर आ रही है।एक तरफ तो एनएच के अतिक्रमण के दायरे में है,वही नप द्वारा जन सेवा में लगवाए गए वाटर एटीएम को भी बाधित करना एक प्रकार से नियमो के उलंघन में ही आता है।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के जिम्मेदारों की लापरवाही इस कदर है कि अभिनंदन एवम आभार की होलि्ंडग को लगाकर वाटर एटीएम को अवरूद्ध कर दिया गया है। आखिर इस गर्मी में दूर-दराज से आने-जाने वाले राहगीरो की प्यास कैसे बुझेगी।

वहीं तहसील के आला अफसर नियमों की उड़ रही धज्जियो पर चुप्पी साधे हुए है।

स्थानीय नगर स्थित सीओ कार्यालय के सामने लोगो की सुविधा के लिए नगर पंचायत द्वारा कई वर्ष पहले वाटर एटीएम को लगवाया गया था।बगल में तहसील व कोतवाली होने की वजह से यहां पर काफी भीड़-भाड़ रहती है।जन सेवा के लिए लगाया गया वाटर एटीएम तब लोगों के लिए दिखावा साबित होता है जब नगर अध्यक्ष पद पर दूसरी बार जीत हुई तो अभिनंदन एवम आभार की होलि्ंडग लगाकर वाटर एटीएम को अवरूद्ध कर दिया।

इस दशा में राहगीरों को शीतल पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं इस समस्या की ओर नप के किसी भी जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है।यही नहीं ठीक सामने सीओ कार्यालय,कोतवाली के साथ ही एसडीएम व तहसीलदार का भी दफ्तर बगल में ही है। इसी रास्ते से प्रतिदिन गुजरने वाले तहसील के आला अफसरों की भी इस पर आज तक नजर नहीं पड़ी या फिर साहब लोग इसे अजरंदाज कर रहे है। अधिकारियो की नाक के नीचे नियमो की धज्जियां उड़ रही है वही सभी मौन साधे हुए है। क्या नियम सिर्फ साधारण लोगो के लिए ही बनाए गए है। आम लोगो की चचाओं पर ध्यान दे तो उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली पर शवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

**क्या कहते है अधिकारी?**

इस बारे में जब ईओ नगर पंचायत लालगंज से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पद्मजा मिश्रा ने कहा कि होलि्ंडग गलत लगवाई गई है,उसको शीघ्र ही हटवा दिया जाएगा।

## प्रिन्ट मीडिया आज भी सबसे महत्वपूर्ण व विश्वसनीयः सौम्य मिश्र

### उपजा रानीगंज का शपथ ग्रहण व पत्रकारिता दिवस समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बदलते समय में जहां सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ा है वहीं प्रिंट मीडिया आज भी सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय है। डिजिटल क्रांति के दौर में सबसे पहले खबर पहुंचाने की प्रतिस्पर्द्धा में कई बार सही खबर लोगों तक नहीं पहुंच पाती। ऐसे में लोगों को अगले दिन प्रिंट मीडिया में छपी खबर का इंतजार होता है ताकि वे सच्चाई जान सकें।

उक्त बातें एसडीएम रानीगंज सौम्य मिश्र ने रानीगंज तहसील सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। यू.पी. जर्नलिस्टस एसोसिएशन (उपजा), प्रतापगढ़


शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद उपजा के पदाधिकारीगण।

की रानीगंज इकाई के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी पत्रकारिता दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा लोकतंत्र के चैथे स्तंभ की भूमिका अब काफी बढ़ चुकी है। पत्रकारों को भी समाज में अपनी भूमिका को लेकर सदैव सजग रहना होगा। समारोह की अध्यक्षता उपजा जिलाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह व संचालन जिला महामंत्री डॉ. अमित पाण्डेय ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि व नगर पंचायत अध्यक्ष रानीगंज मीरा गुप्ता ने कहा कि मीडिया के सकारात्मक कार्यों का लाभ सीधे आम जनता को मिलता है। कार्यक्रम में उपजा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य संतोष भगवन ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों तथा सार्वजनिक हित से जुड़कर ही पत्रकारिता सार्थक बनती है। सामाजिक सरोकारों को व्यवस्था की दहलीज तक पहुँचाने और प्रशासन की जनहितकारी नीतियों तथा योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक ले जाने के दायित्व का निर्वाह ही सार्थक पत्रकारिता है। हमें अपने दायित्वों का निर्वाह करने के प्रति सजग रहना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान उपजा की रानीगंज इकाई की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई, जिनमें राकेश कुमार तिवारी, राजकुमार मिश्रा ने संरक्षक, सुरेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ बच्चा मिश्रा ने अध्यक्ष, पवन कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद मिश्रा, अशोक सिंह व अवधेश मिश्रा ने उपाध्यक्ष, रत्नाकर मिश्रा ने महामंत्री, कमलेश कुमार पांडेय, मनोज रजक व विजय प्रकाश त्रिपाठी ने मंत्री, संदीप मिश्रा ने संयुक्त मंत्री, अनिल यादव ने संगठन मंत्री, आकाश तिवारी ने कोषाध्यक्ष, व देवदत्त उपाध्याय सचिन ने मीडिया प्रभारी पद के लिए शपथ ली। इसीक्रम में रामानुजाचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले में समाचार पत्र सबसे पहले कालाकांकर से प्रारम्भ हुआ और आज हमारी प्रिन्ट मीडिया में लोगो का विश्वास बना हुआ है। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार कृष्णानंद त्रिपाठी, श्याम लाल मिश्र, आर. बी. सिंह पूर्व सहायक निदेशक सूचना, अनिरुद्ध रामानुज दास आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान अमित शुक्ला, बृजेन्द्र सिंह बबलू, अनिल पांडेय विद्यार्थी, धीरेंद्र कुमार तिवारी, संजय द्विवेदी, संतोष पांडेय, रफीक मोहम्मद, ओम प्रकाश गुप्ता, रमेश मिश्रा, जैननाथ उपाध्याय, धीरेन्द्र मिश्र एडवोकेट, प्रभाकर मिश्रा, पवन मिश्रा, अजय ओझा पत्रकार, राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक बच्चा मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## कोतवाल पद पर प्रोन्नत मिलने पर एसपी ने स्टॉर लगाकर कमलेश को किया सम्मानित

### नगर के लोगों के साथ संगठनों में भी प्रोन्नत को लेकर प्रसन्नता का मांहौल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत की कोतवाली में तैनात प्रभारी कोतवाल कमलेश पाल के निरीक्षक पद पर प्रोन्नत को लेकर लोगों मे गुरूवार को प्रसन्नता दिखी। वहीं गुरूवार को जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने निरीक्षक कमलेश को स्टॉर लगाकर प्रोन्नत की शुभकामनाएं सौंपी।

एसपी के द्वारा स्टार लगाकर कोतवाल कमलेश पाल को सम्मानित करने के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र तथा एएसपी पूर्वी विद्यासागर व लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी मौजूद रहे। इधर नगर के लोगों मे भी कमलेश के प्रोन्नत को लेकर खुशी देखी गयी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, समाजसेवी विजय मिश्र बॉबी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज आदि के साथ बडी संख्या मे स्थानीय व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के लोगों ने कोतवाल पद पर प्रोन्नत मिलने पर कमलेश पाल को बुकें भेंटकर सम्मानित भी किया।

## दुर्गा मंदिर पर जागरण और भंडारे में उमड़ी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एकादशी पर रूपापुर स्थित दुर्गा मंदिर पर जागरण और भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने महा प्रसाद ग्रहण किया। डाक्टर प्रभात शर्मा और डीके शर्मा के संयोजन में मंदिर पर हुए आयोजन में महिलाओं की भारी भीड़ रही। इस मौके पर वीपी तिवारी, वीके तिवारी, संतोष तिवारी, मनीष पांडे समेत काफी संख्या में श्रद्धालु सहयोग करते नजर आए।

## रिटायर्ड बैंककर्मी का शव मिलने से हडकम्प, पीएम को गया शव

### घटनास्थल पर जुटी भीड़ व पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से निकले रिटायर्ड बैंककर्मी का शव तीसरे दिन मिलने से इलाके मे हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया है। लीलापुर थाना के डांडी झलिहन निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी राय साहब सिंह (63) तीस मई को सुबह दस बजे घर से निकले। घर वापस न पहुंचने पर मृतक के पुत्र शिव प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने राय साहब की गुमशुदगी का केस दर्ज किया। गुरूवार को दोपहर गांव के पास दूसरे गांव से मछली मारकर जा रहे लोगों ने संयोगवश कुएं मे झांका तो शव उतराया मिला। लोगों के शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों के सहयोग से शव बाहर निकाला गया तो राय साहब सिंह को मृत देख परिजन बिलख पड़े। मृतक की पत्नी शिवदेवी सिंह का रो रो कर बुरा हाल दिखा। वहीं मृतक अपने पीछे पुत्र शिवप्रताप व शिवपूजन के अलावा बेटी पूजा को भी छोड गया है। हालांकि सभी संतानें विवाहित हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया है। मृतक राय साहब सिंह सहकारी बैंक में रायबरेली जिले के सलोन शाखा मे लिपिक पद से सेवानिवृ×। हुए हैं। रिटायर्ड होने के बाद वह गांव में परिजनों के साथ रहने लगे।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त धराया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना जेठवारा के उ0नि0 अरुण कुमार मौर्या मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 100/23 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 307 भादवि में वांछित तीन अभियुक्तों भाईलाल पाल पुत्र प्राणलाल पाल, रामसमुझ पाल पुत्र प्राणलाल पाल व रामजी पाल पुत्रगण प्राणलाल नि0गण हसनपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र जेठवारा के रेडी नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर जिले के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 बंशीधर राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना आसपुर देवसरा के मु0अ0सं0 125/2022 धारा 363, 366ए, 342, 506, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र प्रजापति पुत्र हरीलाल प्रजापति नि0ग्राम दफरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर/सर्विलांस के माध्यम से थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा एनबीडब्लयू निर्गत किया गया था।

## भाजपा नेता असगर अंसारी की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर के भाजपा नेता असगर अंसारी की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई मौत की सूचना पर परिजन रोने बिलखने लगे।

पट्टी नगर के रहने वाले असगर अंसारी काफी दिन तक समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे। नगर पंचायत चुनाव के दौरान हुआ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। सामाजिक सौहार्द तथा गंगा जमुनी तहजीब के लिए वह जाने जाते थे। गुरुवार की दोपहर 2:30 बजे वह आर्टिका वाहन से अपने पुत्र जीशान अंसारी रायपुर के रहने वाले इरफान भाटी गांव की रहने वाली सीमा पाल पुत्री राम अकबाल पाल के साथ वह आर्टिका गाड़ी से आसपुर देवसरा की तरफ जा रहे थे। गाड़ी जीशान अंसारी चला रहे थे। बीबीपुर बारडीह के समीप एक पुल के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंभे से टकरा गई, जिससे पोल टूट कर क्षतिग्रस्त होकर वाहन पर गिर पड़ा सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए मौजूद लोगों ने सभी को पट्टी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर डॉक्टरों ने असगर अंसारी को मृत घोषित कर दिया, वहीं अन्य तीन घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भाजपा नेता असगर अंसारी की मौत शिव पट्टी में गम का माहौल कायम हो गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने असगर अंसारी की मौत पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हम सब बहुत दुखी है। असगर अंसारी एक नेक दिल इंसान थे विश्वास नहीं होता है कि वह इतनी जल्दी हम सब को छोड़कर दुनिया से अलविदा कह दिया उनकी कमी हमेशा खलेगी। उनकी मौत पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह प्रमोद जायसवाल सहित अन्य लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के रुपए के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस फोर्स द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तों नवी अहमद पुत्र शकील अहमद व अकरम पुत्र जब्बस निवासीगण नयानगर कस्बा व थाना मंझनपुर को ओसा नहर पुलिया से गिरफ्तारी कर कब्जे से 4500 रुपए चोरी के बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सौरभ कुशवाहा पुत्र रामगोपाल कुशवाहा निए अमानपुर बेडी पुलिया थाना कवीं जनपद चित्रकूट को यमुना ब्रिज से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेन्टर का राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

## 48 लाख रुपए की लागत से सखी वन स्टॉप सेंटर का किया गया निर्माण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश की राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने आज नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेन्टर, मंझनपुर का फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। रुपए 48.69 लाख की लागत से वन स्टाप सेन्टर का निर्माण कार्यदायी संस्था-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा किया गया है। ज्ञातव्य है कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उ0प्र0 सरकार द्वारा सखी वन स्टाप सेन्टर का संचालन किया जा रहा है, वन स्टाप सेन्टर में कोई महिला एवं बालिका जो विषम परिस्थितियों से ग्रस्त हो अथवा उसको अन्य किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता की पूर्ति के लिए सलाह एवं सहायता की आवश्यकता है तो वह 112 नम्बर पर कॉल कर अथवा वन स्टाप सेन्टर में सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकतीं हैं। वन स्टाप का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को तत्काल सुरक्षा देते हुये आवश्यक चिकित्सीय एवं पुलिस सेवायें प्रदान करना है। जिसमें एक छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को अस्थायी आश्रय, पुलिस हेल्प डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सिलिंग की सुविधा प्रदान की जाती है इस अवसर पर अध्यक्षा जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला प्रोवेशन अधिकारी नीरज कुमार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन करती राज्य मंत्री

### बूदं बूद पानी को तरस रहे पशु पक्षी

**कौशाम्बी।** गर्मी के दिनों में तालाब सूख चुके हैं तालाब में पानी भरने का निर्देश आला अधिकारियों ने दिया है लेकिन उसके बाद भी ग्राम पंचायतों में तालाब में पानी नहीं भरा गया हैं हालांकि जैसे ही बरसात शुरू होगी बैंक खातों के सरकारी अभिलेखों से पैसा निकाल कर तालाबों में पानी भरने का झूठा ड्रामा ग्रामा पंचायत द्वारा कर दिया जाएगा लेकिन अभी तक तालाब सूखे है और तालाब में पानी नहीं है जिससे पशु पक्षियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है तालाबों में पानी भरने के आला अधिकारियों के निर्देश के बाद तालाब की सच्चाई जानने के लिए जब नेवादा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा दरहा की जानकारी ली गई तो मालूम चला कि तालाब में धूल उड़ रही है तालाब में पानी नहीं है पशु पक्षी पाने के लिए बेहाल है पानी की समास्या को दूर करने के लिए सरकार करोडो रुपये खर्च करके गाँव गाँव पानी की टंकी बनवा रही है ।वही पर देखा जाए तो भीषण गर्मी और कडाके की धूप में पशु पक्षियों के लिए बूंद भर पानी पीने के लिये नही दिख रहा है बरसात होने के बाद तालाब में पानी भरने का यह झूठा ड्रामा ग्राम पंचायतों द्वारा कब तक किया जाता रहेगा।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए है पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

### जन शिक्षण संस्थान ने जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत निकाली प्रभात फेरी यात्रा




**कौशाम्बी।** दिनांक 1 जून 2023 से 15 जून 2023 तक के कार्यक्रम के अनुसार जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा दिनांक 1 जून 2023 को प्रभात फेरी एवं स्टूडेंट वेयरिंग जी 20 टीशर्ट कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के निर्देशक राजकुमार पांडे ने 1 जून से 15 जून 2023 तक जनभागीदारी कार्यक्रम के बारे में सभी स्टाफ एवं अनुदेशिका तथा सभी प्राशीक्षार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया जन शिक्षण संस्थान द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को टी-शर्ट वितरित किया गया इसके बाद जन शिक्षण संस्थान मंझनपुर मुख्यालय से होकर जिला अधिकारी आवास होते हुए डायट मैदान से वापस होकर जन शिक्षण संस्थान मुख्यालय समदा तक प्रभात फेरी कार्यक्रम किया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा सुकेश कुमार राजू शुक्ला करिश्मा सुल्तान हिमांशु रेनू तस्नीम ज्योति दीपा प्राभानू मानसी आदि प्राशिक्षार्थी ने प्रभात फेरी में भाग लिया।

# हत्या की पुष्टि के बाद हत्यारों की मेहमान बाजी कर रहे हैं चरवा थानेदार!

अखंड भारत संदेश

**अनुष्का उसके पिता छोटू उसकी मां ज्योति नाना नींबू लाल नानी रीता देवी सहित कई लोगों को पुलिस ने उसी दिन लिया हिरासत में**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा के मजरा कूड़ापुर गांव में 30 मई की सुबह बारात से वापस लौटे राकेन्द्र सोनकर उर्फ छोटू निवासी मेड़ीपुर कनवर सैनी की गला घोट कर हत्या कर पेड़ से लाश बांध दी गई थी साढ़े पांच फुट के युवक को 3 फुट के पेड़ की डाल से बांधकर लटकाने का प्रयास किया गया था पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने हत्या की मुहर लगा दी है पोस्टमार्टम ने के समय मृतक के गले के चारों ओर रस्सी के निशान मिले हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आल राउण्ड दि नेक लिखा हुआ है आत्महत्या में आल राउण्ड दि नेक कभी नहीं आता है लेकिन थानेदार को आत्महत्या और हत्या की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पढ़ने में दिक्कत हो रही है इन्हें निलंबित करा कर पहले इन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पढ़ने का प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत है जिससे इन्हें ऑलराउंड दि नेक की परिभाषा मालूम हो लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऑल राउंड दि नेक आने के बाद भी हत्या में शामिल लोगों की मेहमान बाजी करने में तीन दिन से चरवा थानेदार लगे हैं इतना ही नहीं युवक की हत्या को आत्महत्या साबित करने में थानेदार पूरी तरह से लगे हैं मृतक के परिजनों को थानेदार लगातार आत्महत्या बताकर उनका मनोबल तोड़ रहे हैं आखिर थानेदार बार-बार किस दबाव और लालच में झूठ बोल रहे हैं यह विभागीय जांच का विषय है आखिर हत्या जैसे जघन्य अपराध में हत्यारों से थानेदार का क्या लगाव है यह जांच का विषय है। चर्चाओं पर जाएं तो एक माननीय हत्यारों के बचाने की पैरवी कर रहे हैं जिससे थानेदार भी हत्यारों को बचाने में लगे हैं जनता के सुख दुख के साथी कहे जाने वाले माननीय भी हत्यारों के बचाव में पैरवी करेंगे तो आम जनता का वह कैसे विश्वास जीत पाएंगे। बताया जाता है कि मृतक युवक का किसी अनुष्का नाम की बालिका से प्रेम प्रसंग चल रहा था और इसी प्रेम प्रसंग के चलते राकेन्द्र की हत्या कर लाश पेड़ से बांध दी गई है राकेन्द्र की हत्या के आरोप में पुलिस ने अनुष्का उसके पिता छोटू उसकी मां ज्योति नाना नींबू लाल नानी रीता देवी सहित कई लोगों को उसी दिन हिरासत में ले लिया है जबकि अनुष्का के मामा बीरू दादा के लड़के और मौसा मनोज सहित कई लोग हत्या वाले दिन से फरार हो गए हैं 24 घंटे में पकड़े गए लोगों को कोर्ट के सामने पेश किए जाने का निर्देश होने के बाद 3 दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारों की मेहमान बाजी थानेदार कर रहे हैं आखिर किस नियम कानून के तहत हत्यारों को थानेदार ने अदालत में पेश नहीं किया है यह भी एक बड़ी जांच का विषय है इतना ही नहीं 3 दिन बीत जाने के बाद हत्या जैसे जघन्य गंभीर घटनाओं में चरवा थानेदार ने मुकदमा दर्ज करके पीड़ित परिजनों को एफ आई आर की कॉपी नहीं उपलब्ध कराई है मुकदमा लिखाने के लिए मृतक के परिजन लगातार थाना से लेकर सर्किल कार्यालय तक परेशान हैं लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया है पीड़ित परिजनों ने शासन प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हत्यारों को जेल भेजने और हत्यारों को संरक्षण देने वाले थानेदार चरवा के कारनामे की विभागीय जांच करा कर दंडित किए जाने की मांग की है।

# पशुशाला के अंदर लटकती मिली 30 वर्षीय व्यक्ति की लाश

अखंड भारत संदेश

**गुरुवार की सुबह मृतक की माँ जानवरो को चारा देने के लिये पहुँची पसुशाला अंदर देखी अपने बेटे की लटकती लाश**



**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के अमवा गांव में पशु शाला के अंदर एक व्यक्ति की लाश लटकती मिली है सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई बताया जाता है कि पुलिस के पहुंचने के पूर्व लाश को फंदे से उतार लिया गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक का पत्नी से विवाद चल रहा था जानकारी के मुताबिक जिले के सराय अकिल कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम अमवा निवासी शैलेन्द्र कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र स्व0 परशुराम की लाश ग्राम में बने पशुशाला के अंदर फंदे से लटकती मिली है लाश मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लोगों ने बताया कि गुरुवार की सुबह मृतक की माँ जानवरो को चारा देने के लिये पसुशाला पहुँची।पसुशाला के अंदर अपने बेटे की लटकती लाश देख माँ शोर मचाने लगी।शोर सुन ग्रामीण इकट्ठा हुए और शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दिया।सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भगवानपुर मय फोर्स घटना स्थल पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये चीरघर भेज दिया चचाओं में जाए तो मृतक की पत्नी का विवाद पति से चल रहा था।

### साणा नाथ बाबा कुटी भदवॉ का वार्षिक भंडारा संपन्न



**कौशांबी।** सिराथू तहसील के भदवॉ गाँव में शंकर भोले नाथ बाबा और राम जानकी मंदिर में जेष्ठ शुक्ल पक्ष भीम सेनी एकादशी के दूसरे दिन द्वादशी को साधु संत भक्तजनों बंदरों का भंडारा सैकडों वर्ष पूर्व से हो रहा है जिस परंपरा का निर्वहन करतें हुए इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन हुआ आज 1 जून को विश्व ब्राह्मण दिवस पर परशुराम जयंती मनाई गयी सर्व प्रथम भगवान भोले नाथ बाबा राम जानकी हनुमान जी को सिन्दूर से महाबीरी करके लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया उसके बाद मंदिर के महंत राजेन्द्र दास महराज कृपा पात्र स्वराजी बाबा महराज जी पूर्व के महंतो गौ लोक वासी ऊधो दास महराज हरख दास महराज राघव दास महराज स्वराजी बाबा महराज के छाया चित्रों समाधि की पूजा अर्चना करते हुए प्रार्थना किया कि आपके कृपा से यह प्रति वर्ष जेष्ठ मास शुक्ल पक्ष की द्वादशी को साधु संत भक्तजनों बंदरों गऊ माता का भंडारा संपन्न होता रहे आस पास से पधारे संत जन भक्त गणों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते हुए अपने को धन्य मानते हुए साणा बाबा की जय घोष के साथ भगवान परशुराम के जयकारा लगाते हुए परशुराम जयंती भी मनायी गयी इस अवसर पर बाबा बालक दास राम दास महराज त्यागी बाबा सहित प्रयागराज से पधारे भक्त दिलीप कुमार पान्डे ओमप्रकाश व फतेहपुर से विजय मिश्रा राम नरेश मिश्रा राम शिरोमणि सागर तिवारी राम धीरज तिलक तिवारी शिवा कांत तिवारी संतोष मिश्रा धारा शंकर दुबे सुमित तिवारी शुभम पांडे आदि तमाम लोग मौजूद रहे

# स्ट्रीट वेंडर्स को प्रशस्ति-पत्र देकर एडीएम ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**स्ट्रीट वेडर्स को डिजिटली एक्टिव बनाने में रूचि दिखाने वाले नगर निकाय के कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित, 5 स्ट्रीट वेंडर्स को डिजीटल लेनदेन के लिए क्यूआर कोड किया गया वितरित**




**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजनान्तर्गत एक दिवसीय स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद की समस्त नगर निकायों में ठीक प्रकार से डिजिटल लेनदेन का प्रयोग करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स रिजवान पुत्र श्री छेद्दू, वीरेन्द्र कुमार पुत्र पितम्बर लाल, अमित कुमार पटेल पुत्र अशोक कुमार पटेल, अनिल छोटे लाल, ताहिर पुत्र मो0 आलम, योगेश सिंह पुत्र छेदी लाल व अमित कुमार पुत्र अनिल कुमार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया इसी प्रकार स्ट्रीट वेंडर्स को डिजिटली एक्टिव बनाने में रूचि दिखाने वाले समस्त नगर निकायों के 02-02 कर्मचारियों यथा-नगर पालिका पालिका परिषद् मंझनपुर के कर्मचारी तबरेज, आशीष कुमार सेन कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिका पालिका परिषद् भरवारी मनोज कुमार नायब मोहर्रिर नगर पंचायत अझुवा, मो0 आदिल नगर पंचायत करारी संदीप सिंह, नायब मोहर्रिर नगर पंचायत सराय अकिल विनोद कुमार, लिपिक नगर पंचायत चायल बबलू यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पंचायत सिराथू अंकुश पाडेण्य सर्वेयर नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम मुन्तजीर मेंहदी कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पंचायत चरवा वा विक्रम सिंह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पूरब पश्चिम शरीरा को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम द्वारा 05 स्ट्रीट वेंडर्स को डिजीटल लेनदेन के लिए क्यूआर कोड भी वितरित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना से सम्बन्धित लघु फिल्म भी दिखायी गई। दीनदयाल अन्त्योदय येजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद् मंझनपुर में गठित स्वयं सहायता समूहो द्वारा बनायें गये उत्पादों की प्रदर्शनी व रंगोली, मेंहदी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।स्वनिधि महोत्सव में स्ट्रीट वेंडर्स व उनके परिवार के सदस्यों को भारत सरकार की 08 अन्य योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए श्रम विभाग, बैकर्स, आपूर्ति विभाग व चिकित्सा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा स्टॉल लगायें गयें। स्ट्रीट वेंडर्स के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर तथा हेल्पडेस्क भी लगाया गया इस अवसर पर एसडीएम/परियोजना अधिकारी डूडा मनीष कुमार यादव एवं एलडीएम जितेन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कानवेंट स्कूल की तरह आंगनवाड़ी के नौनिहालों को दी जाएगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : राज्यमंत्री

अखंड भारत संदेश

**राज्यमंत्री ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर दी जानकारी**

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** परिषदीय विद्यालयों की तरह आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कराया जाएगा और नौनिहालों को कानवेंट की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी यह जानकारी प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने प्रेस वार्ता के माध्यम दी है। योगी सरकार मे महिला कल्याण, बाल विकास एंव पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला गुरुवार को जिले में एक दिवसीय दौरे पर पहुंची इस दौरान मां शीतला अतिथि गृह में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि जिले में विद्यालय से पूर्व शिक्षा के लिए 1395 आंगनबाड़ी केंद्र व 380 मिनी आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिनका परिषदीय विद्यालयों की तरह 19 पैरामीटर पर शौचालय ,पेयजल, कमरों में टाइल्स, रंगाई का कार्य होगा और किराए के भवन में चल रहे केंद्रों को विभागीय भवन में संचालित कराया जाएगा । नौनिहालों को कान्वेंट की तर्ज पर शिक्षा की व्यवस्था कराई जाएगी। कुपोषण मुक्त भारत बनाने के लिए पोषाहार का वितरण नियमित रूप से कराया जाएगा जिसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ नारी आश्रय केंद्र व बाल सुधार ग्रह का निर्माण होगा। इस दौरान राज्यमंत्री ने विभाग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी, डीपीओ सुरेश कुमार गुप्ता सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिला उत्थान एव जागृति संस्थान ने वृद्ध जनों के हितार्थ पहुँचाई जरूरत की वस्तुएं



**कौशाम्बी।** भीमसेनी एकादशी के पारण के दिन दिनांक 1 जून 2023 को महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने कौशांबी जनपद के मंझनपुर तहसील के ओसा स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों के हितार्थ जरूरत की समस्त वस्तुएं अंग वस्त्र तथा रोजमर्रा की समस्त वस्तुएं दान करते हुए वृद्धजनों को भोजन कराया तथा समाज में आम लोगों से सहयोग की अपील किया कि वह त्योहारों पर अपने बच्चों के जन्मदिन पर फालतू खर्च करने के बजाय अपना कीमती समय वृद्धजनों के साथ बिताए तथा उनकी जरूरत का ख्याल रखते हुए इनकी जरूरत का सामान उन तक पहुंचा कर उनका सहयोग करें।

## जनता पकड़े चोर थाना पुलिस करे मेहमानबाजी

### 2 दिन बीत जाने के बाद भी पकड़े गए चोर पर मुकदमा दर्ज करके मंझनपुर पुलिस ने नही भेजा जेल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली इलाके में आए दिन बेखौफ चोर घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं पुलिस हाथ मलती रह जाती है जिससे जनता ने अब खुद चोरों को पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिया सोमवार के दिन मंझनपुर कोतवाली के ओसा चौराहे पर पप्पू केसरवानी की दुकान घर में बाइक का ताला तोड़कर उसे ले जाने का प्रयास 3 व्होर कर रहे थे घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है जब बाइक का ताला नहीं टूटा तो शटर से अंदर घुस कर जेब में रखा 17 हजार 200 रुपए चोर उठा ले गए इसके 2 वर्ष पहले पप्पू केसरवानी की पिकअप वाहन भी चोरी हो चुका है सीसीटीवी में फुटेज कैद होने के बाद भी पिकअप चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी एक साल पहले भी पप्पू केसरवानी के घर चोरी का प्रयास हुआ है यह मामला भी सीसीटीवी कैमरे में कैद था सोमवार को पप्पू केसरवानी के घर चोरी करने के बाद चोर गौरा गांव के आनंद प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू के घर पहुंचे जहां बाइक चोरी का प्रयास किया परिजन जाग जाए हो हल्ला मचाया ग्रामीण इकट्ठे हो गए चोर को पकड़ लिया उसकी पिटाई करने के बाद हैंड्रेड डायल पुलिस को सूचना देकर पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने पकड़े गए चोर को मंझनपुर कोतवाली के हवाले कर दिया लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद पकड़े गए चोर के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जेल नहीं भेजा है इसके 15 दिन पहले भी ओसा चौराहे से विजय सोनकर की भैंस चोरी की घटना को चोर अंजाम दे चुके हैं आए दिन मोबाइल चोरी होती है कई घरों से बकरी चोरी हो चुकी है 5 मई की रात्रि आर्यवीर के नलकूप से बेखौफ चोर पाइप उठा ले गए हैं इलाके में आए दिन घटनाएं होने के बाद दीवर कोतारी के चौकी इंचार्ज घटनाओं को दर्ज करने और उनके खुलासा करने चोर को पकड़ने के प्रति लापरवाह बने हुए हैं जिससे घटनाएं नहीं रुक रही हैं और जब रंगे हाथ चोर को पकड़ कर आम जनता पुलिस को सौंप रही है तो उस मामले में भी पुलिस की लापरवाही लगातार उजागर हो रही है इलाके के लोगों ने थाना पुलिस के कारनामों की ओर पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# इफको उर्वरक के लिए किसान परेशान निजी दुकानों में इफको की हो रही कालाबाजारी

अखंड भारत संदेश

**सहकारी समितियों के जिम्मेदारों के साठगांठ से इफको की कालाबाजारी में लिप्त निजी दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग**

**कौशांबी।** सहकारी समितियों से किसानों को इफको उर्वरक की बिक्री किए जाने का निर्देश हवा हवाई साबित हो रहा है सहकारी समितियों में इफको उर्वरक पाने के लिए किसान पूरे दिन लाइन लगाते हैं फिर भी तमाम किसानों को सहकारी समितियों से उर्वरक नहीं मिल पाती हैं सहकारी समितियों के जिम्मेदारों की सांठगांठ से इफको उर्वरक बिना लाइसेंस के निजी दुकानों तक बेरोकटोक पहुंच जाती है और निजी दुकानदार इफको उर्वरक की कालाबाजारी कर ऊँचे दाम पर किसानों को उर्वरक दे रहे हैं सहकारी समितियों से परेशान किसान मजबूर होकर निजी दुकानदारों से ऊंचे दाम पर इफको उर्वरक खरीद कर अपनी फसलों में डाल रहे हैं। गौरतलब है कि कौशांबी जिले के विभिन्न कस्बे भरवारी सिराथू मंझनपुर मूरतगंज सराय अकिल चायल तिल्हापुर पश्चिम सरीरा करारी अझुवा नारा चरवा कड़ा दारानगर मनौरी नेवादा कनैली इमामगंज में इफको उर्वरक की कालाबाजारी में सहकारी समितियों के जिम्मेदार बेखौफ तरीके से लगे हुए हैं और निजी दुकानों में इफको उर्वरक बिक्री करते हुए देखी जाती है जिले में इफको उर्वरक की कालाबाजारी बेखौफ तरीके से हो रही है लेकिन इफको के फील्ड अफसर जिला कृषि अधिकारी उप निदेशक कृषि से लेकर सहकारी समितियों के जिम्मेदार इफको उर्वरक की कालाबाजारी रोकने में विफल साबित हो रहे हैं। बताया जाता है सिराथू तहसील और मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बॉर्डर के गांव नारा चक दुबरा और उसके आसपास कई निजी दुकानों में इफको उर्वरक कालाबाजारी कर किसानों के हाथ ऊँचे दाम पर खुलेआम बेचा जा रहा है कालाबाजारी में लिप्त दुकानदारों का यह खेल बीते कई वर्षों से बेरोकटोक चल रहा है लेकिन उसके बाद इफको उर्वरक की कालाबाजारी रोकने में लगे अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं जिससे किसानों के सामने कालाबाजारी की उर्वरक लेने की विवशता बन गई है किस सहकारी समिति द्वारा इफको उर्वरक की कालाबाजारी की जा रही है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन अभी तक इफको के फील्ड अफसर जिला कृषि अधिकारी उप निदेशक कृषि सहकारी समितियों के जिम्मेदारों ने कालाबाजारी हो रही इफको उर्वरक के मामले की जांच कर सहकारी समितियों के जिम्मेदारों के साथ-साथ उर्वरक की कालाबाजारी में लिप्त निजी दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें दंडित नहीं कराया है जिससे विभागीय अधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कालाबाजारी में लिप्त निजी दुकानदार के सांठगांठ से सहकारी समितियों से इफको की कालाबाजारी में लिप्त जिम्मेदारो पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी कराने की मांग की है।

### अषाढ़ा गांव से हज यात्रा पर रवाना हुए पति-पत्नी




**महेवाघाट कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर तहसील अंतर्गत अषाढ़ा गांव से इस वर्ष दो लोग हज यात्रा पर रवाना हुएं 1 जून 2023 बृहस्पतिवार को हाजी मकसूद दूसरी बार और उनकी पत्नी हसीना बेगम मक्का और मदीना हज पर जा रहे हैं इस अवसर पर अषाढ़ा समेत आस-पास गांव के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। और विदाई के दौरान सभी लोगों ने पति पत्नी को हज यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया इसरार अहमद ने बताया कि इस तीर्थयात्रा को हज यात्रा कहते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग मक्का और मदीना को पवित्र मानते हैं और हर मुस्लिम अपनी जिंदगी में एक बार मक्का-मदीना को देखने की तमन्ना करता है यहां जाना कुछ मुस्लिम इंसान के लिए जरूरी होता है जो शारीरिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत होता है और उसकी गैर मौजूदगी में उसके परिवार का भरन पोषण अच्छे से हो सकता है आपको बता दें कि मक्का सऊदी अरब में स्थित है यहां दुनिया के चारों ओर से लोग जाते हैं और एक साथ में लाखों लोग इक्कठे होकर अमन चैन व शांति के लिए दुआ किया।

संपादकीय

# नये गुल खिलाएगी राहुल की अमेरिका यात्रा

**करीब** तीन माह पहले इंग्लैंड के प्रसिद्ध कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिये गये भाषण से उठा तूफान अभी पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ है कि राहुल गांधी अब अमेरिका पहुंच गये हैं। वहां बुधवार से उनके कई कार्यक्रम तय हैं जो ज्यादातर भाषण, संवाद एवं मेल-मुलाकात के हैं। देश के भीतर उत्पन्न जिन परिस्थितियों में और कतिपय घटनाक्रमों के पश्चात राहुल का उस देश में जाना हो रहा है, तय है कि वह नये गुल खिलाएगा। वह इसलिए कि हाल ही में भारत में जो कुछ घटा है, उससे पहले से ही यहां और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में देश को लेकर अनेकानेक विवाद उठ खड़े हुए हैं। राहुल के कैंब्रिज में दिये गये भाषण एवं वहां प्रेस से बातचीत आदि के दौरान भारत सरकार और उसे संचालित करने वाली भारतीय जनता पार्टी के कार्यकलाप व विचारों को लेकर जैसे सवाल उठ खड़े हुए हैं, उसके कारण तय है कि जब तक राहुल भारत लौटते हैं वे कई नये मुद्दे खड़े कर चुके होंगे जिनके व्यापक प्रभाव भावी सियासत पर पड़ेंगे। बात कुछ यहां से शुरू की जाये कि पिछले साल सितंबर के पहले सप्ताह से जब राहुल ने लगभग 3600 किलोमीटर की ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' पूरी की थी तो उससे एक तरह से राजनीति का पूरा रंग व तासीर ही बदल गई है। दक्षिण के कन्याकुमारी से निकले इस पैदल मार्च का समापन जब उनके द्वारा कश्मीर के श्रीनगर के लाल चौक पर झंडा फहराकर किया गया, देश का राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक विमर्श एकदम से बदल गया। जिन विषयों पर देश का विपक्ष बात करने से घबराता था, उन पर राहुल ने मुखरता से आवाज बुलन्द की। वे कदम-दर-कदम भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारनामों का कच्चा-चिट्ठा खोलते चले गये। क्रोनी कैपटलिज्म को किस तरह से मोदी ने बढ़ावा देकर देश को बदहाल किया, उसकी पोल खोलकर राहुल ने रख दी। उन्होंने मोदी द्वारा अपने पूंजीपति व कारोबारी मित्रों को किस तरह फायदा पहुंचाया, यह भी लोगों के सामने रखा। यात्रा की सफलता ने राहुल की ताकत इस कदर बढ़ाई कि वे यात्रा के तुरन्त बाद लोकसभा के सत्र में पहुंचे और मोदी तथा उनकी शह पाकर बढ़े पूंजीपति गौतम अदानी के रिश्तों को लेकर सवाल पूछ-पूछकर देश-विदेश में तहलका मचा दिया। बौखलाई भाजपा सरकार ने उनके सदन में दिये गये भाषणों को कभी कार्यवाही से निकाल दिया तो कभी उनका माइक ही म्यूट कर दिया जाता रहा। मार्च के पहले हफ्ते में उन्होंने कैंब्रिज विवि तथा वहां की प्रेस से बातचीत में बतलाया कि कैसे यहां विपक्ष की बात दबाई जाती है तो उसे लेकर भाजपा व सरकार हमलावर हो गई। उन पर अंतरराष्ट्रीय मंच से भारत का अपमान करने का आरोप भी लगाया गया। उनके खिलाफ गुजरात की एक कोर्ट में लम्बित अवमानना का एक पुराना मामला निकाला गया। आनन-फानन में इस पर फैसला आ गया। उन्हें अधिकतम दो साल की सजा सुना दी गई। उनका पक्ष जाने बगैर ही उनकी न केवल फुर्ती से सांसदी छीन ली गई बल्कि बेहद तत्परता से उनका शासकीय आवास भी खाली करा दिया गया। इतना ही नहीं, पासपोर्ट के बहाने से उनकी इस यात्रा को रोकने की कोशिश भी एक भाजपायी नेता के माध्यम से की गई।

एक ओर यह सब कुछ, तो दूसरी तरफ 13 मई को घोषित कर्नाटक की चुनावी सफलता का सेहरा अपने माथे पर बांधकर वे अब अमेरिका पहुंचे हैं- पिछली यूके यात्रा में अपनी कही गई बातों के प्रमाण लेकर। दुनिया में वे इस बात के स्वयं उदाहरण हैं कि कैसे उनकी आवाज को दबाने की कोशिश मोदी एवं उनकी सरकार ने की है। यह वह समय भी है जब कांग्रेस के नेतृत्व में ही करीब 20 भाजपा विरोधी सियासी दल 2024 का लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने के लिये लामबन्द हो रहे हैं। इस साल तयशुदा 5 विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की हालत खस्ता है।

भारतीय समय के मुकाबले तकरीबन 11 घंटे पीछे चलने वाले अमेरिका में वहां की बुधवार को गुणवत्तापूर्ण ज्ञान के मामले में कैंब्रिज की तरह ही दशकों से विश्व के प्रथम तीन विश्वविद्यालयों में हमेशा से रहने वाले स्टेनफोर्ड विवि में वे छात्रों के समक्ष वक्तव्य देंगे। इसी दिन वे एक अन्य बैठक में भारतीय उद्योगपतियों के बीच होंगे। सान जोस में एक निजी भोज में वे शामिल होंगे जिसमें करीब एक हजार मेहमान रहेंगे। शनिवार तक उनके विभिन्न कार्यक्रम तय किये गये हैं, जिनमें वाशिंगटन डीसी स्थित हडसन इंस्टीट्यूट में वे सवाल-जवाब वाला सत्र, नेशनल प्रेस क्लब की प्रेस कांफ्रेंस, लगभग 80 अमेरिकी राजनीतिज्ञों के साथ रात्रि भोज, न्यूयॉर्क में नेताओं व आम जनों के बीच बैठक और एक विशाल जनसभा शामिल है। यह भी ध्यान रहे कि 22 जून से मोदी भी अमेरिका की यात्रा करेंगे जहां उन्हें राहुल के छोड़े सवालों के जवाब देने भारी पड़ सकते हैं।

# पवित्र नदी गंगा पवित्र स्थान बदरीनाथ में हो रही मैली

-जयसिंह रावत/प्रकाश कपरुवाण



**बैकुंठ** धाम के नाम से भी पुकारे जाने वाले बदरीनाथ धाम का मलजल शोधन संयंत्र याने कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट (एसटीपी) एक बार फिर चचाओं में आ गया है। नामामि गंगे परियोजना के तहत गंगा की निर्मलता और पवित्रता को बनाये रखने के लिये स्थापित यह प्लांट स्वयं गंगा को इसके उद्गम स्थल पर और वह भीबदरीनाथ में अपमल या सीवेज डाल कर प्रदूषित कर रहा है। इस संयंत्र द्वारा फैलाई जा रही गंदगी का मुद्दा दो बार नैनीताल हाइकोर्ट के समक्ष उठ चुका है।

**नमामि गंगे परियोजनापर स्वयं ही लगा रहे पलीता**

केंद्र सरकार ने फरवरी 2009 में नेशनल गंगा रिवर बेसिन अथॉरिटी का गठन किया था। एनजीआरबीए को ही गंगा नदी के संरक्षण और उसके प्रदूषण को रोकने और कम करने का जिम्मा गया है। नमामि गंगे कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा जून 2014 में 20,000 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय नदी गंगा के प्रदूषण, संरक्षण और कायाकल्प के प्रभावी उन्मूलन के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए फ्लैगशिप प्रोग्राम के रूप में अनुमोदित किया गया था। नमामि गंगे परियोजना के 2021 के आंकड़ों के अनुसार परियोजना के तहत उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान राज्यों में कई सीवेज प्रबंधन परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। अलकनन्दा नदी में गंदगी रोकने के लिये जोशीमठए गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग एवं श्रीनगर तथा भागीरथी के लिये उत्तरकाशी में एसटीपी लगे है।बद्रीनाथ से लेकर हरिद्वार तक गंगा के किनारे 13 नगर बसे हुये हैं।उत्तराखण्ड पेयजल निगम द्वारा कराये गये एक अध्ययन के अनुसार बद्रीनाथ से लेकर हरिद्वार तक विभिन्न नगरों से प्रतिदिन लगभग 132 मिलियन लीटर सीवेज या मलजल जेनरेट होता है। इसमें से कितने सीवेज का ट्रीटमेंट होता होगा, उसकी सच्चाई बदरीनाथ का प्लांट बता रहा है।

**बदरीनाथ में 19 करोड़ की लागत से बने तीन एसटीपी**

यात्रा सीजन में तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ और अलकनन्दा के साथ ही बदरीनाथ धाम की पवित्रता को देखते हुये नमामि गंगे परियोजना के तहत एक नहीं बल्कि तीन-तीन एसटीपी 19 करोड़ की लागत से बदरीनाथ पुरी में स्थापित किये गये थे। इनमें से एक खाक चैक पर ( दशमलब 26 एमएलडी क्षमता) दूसरा खाक चैक के सामने नदी पार मानव कल्याण आश्रम के निकट ( 1 एमएलडी) और तीसरा मंदिर की सीढ़ियों के नीचे पुल के पास स्थापित किया गया है। इन तीनों में सबसे चर्चित खाक चैक वाला प्लांट है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि प्लांट से जब दिन दहाड़े सीवेज नदी में प्रवाहित किया जा सकता है तो रात के अंधेरे में और यात्रा सीजन के बाद भी प्लांट के टैंक को नदी में खाली कराया जा सकता है।

**एक हफ्ते में लोगों ने तीन बार देखी अलकनन्दा की दुर्दशा**

यात्रा सीजन में बदरीनाथ में रह रहे लोगों के अनुसार गत 19 मई से लेकर 25 मई तक तीन बार खाक चैक पर बने 26 हजार लीटर प्रति दिन( दशमलब 26 एमएलडी) क्षमता सीवेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट (एसटीपी) से मलजल सीधे गंगा में प्रवाहित किये जाने के वीडियो सोशियल मीडिया में वायरल हो चुके हैं। इतनी पवित्र नदी को ऐसे पवित्र स्थान पर और स्वयं पवित्रता बनाये रखने के लिये जिम्मेदार व्यवस्था द्वारा अपवित्र किया जाना बेहद चिन्ताजनक है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में तीर्थयात्रियों की मौजूदगी में गंगा की पवित्रता का भंग होना और भी चिन्तनीय हो जाता है।

**अक्सर खराब हो जाता है सीवेज का ट्रीटमेंट प्लांट**

पवित्र अलकनन्दा में एसटीपी में जमा मलमूत्र आदि गंदगी को बहाये जाने पर उत्तराखण्ड जल संस्थान के अधीक्षणअभियन्ता सुशील कुमार पूछने पर एक सप्ताह के अन्दर तीन दिन नदी में मलजल प्रवाहित करने का तो खण्डन करते हैं मगर एक दिन 19 मई को प्लांट में खराबी आ जाने के कारण सीवेज को अलकनन्दा में प्रवाहित किये जाने की पुष्टि अवश्य करते हैं। सुशील कुमार बताते हैं कि संयंत्र में खराब मशीन को 19 मई को ही बदल दिया गया था और नदी में सीवेज के प्रवाह को रोक दिया गया था। अधीक्षण अभियन्ता यह भी बताते हैं कि मशीनरी का खराब हो जाना सामान्य बात है जिसे तत्काल ठीक करा दिया जाता है। लेकिन इस एसटीपी से नदी में सीवेज को प्रवाहित करने के जो तीन वीडियो वायरल हुये हैं वे 19 से लेकर 24 मई के बीच तीन अलग-अलग दिनों के हैं। जाहिर है कि जितनी बार प्लांट में गड़बड़ी होगी उतनी बार सीवेज सीधे अलकनन्दा में जायेगा।

**प्रति दिन हजारों लोगों की गंदगी का दबाव**

यात्रा सीजन में बदरीनाथ धाम में प्रतिदिन लगभग 15 हजार यात्री पहुंचते हैं। इनके अलावा व्यवसायी, पण्डा पुरोहित, पुलिस, प्रशासन के कर्मचारी, मंदिर समिति के कर्मचारी, नगर पंचायत के कर्मचारी और साधू सन्तों के अलावा मास्टर प्लान के सेकड़ों कर्मचारी और मजदूर वहां जमा होते हैं। जिनके मलमूत्र की निकासी इन्हीं प्लांटों तक पहुंचती है।और पावर फ्लक्चुएशन या प्लांट में खराबी आने पर गंदगी सीधे अलकनन्दा में आ जाती है।

**गंगा कीमुख्य धारा है अलकनन्दा**

अलकनन्दा नदी देवप्रयाग से चलने वाली पतित पावनी गंगा की मुख्य जलश्रोत है। गंगा में 60 प्रतिशत जलराशि का योगदान अलकनन्दा नदी के जलागम से और 40 प्रतिशत जलराशि भागीरथी के जलागम से है।

उत्तराखण्ड हिमालय पर कुल 963 प्रमुख ग्लेशियर चिह्नित किये गये हैं जिनमें 427 अलकनन्दा जलागम के हैं। बाकी 238 भागीरथी, 52 यमुना के और 250 काली नदी जलागम के हैं।

अलकनन्दा के धार्मिक महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि इसी नदी पर उत्तराखण्ड के पंच प्रयाग स्थित हैं जिन पर हर साल विशेष पर्वों पर लाखों लोग स्नान करते हैं। इसी नदी के क्षेत्र में बदरीनाथ और केदारनाथ धाम स्थित है। इसी नदी के किनारे महत्वपूर्ण नगर होने के कारण प्रदूषण का सर्वाधिक खतरा अलकनन्दा किनारे ही रहता है। इसीलिये नमामि गंगे परियोजना का फोकस इस नदी पर ज्यादा किया गया है।

**अक्सर रहती हैसीवेज बहाने की शिकायत**

सनातन धर्मावलम्बियों के चार सर्वोच्च धामों में से एक बदरीनाथ में मलजल की बेतरतीव निस्तारण से उत्पन्न गंदगी की शिकायत पहली बार नहीं है। इससे पहले 15 जून 2018 को चेतना भरद्वाज नाम की महिला की जनहित याचिका पर नैनीताल हाइकोर्ट की जस्टिस वी.के. बिष्ट और जस्टिस अलोक सिंह की खण्डपीठ ने इसी मुद्दे को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। यही नहीं सन् 2005 में भी हाइकोर्ट के समक्ष यह मुद्दा उठा था।

**हाइकोर्ट में जा चुका है मामला**

अपनी पीआइएल में चेतना भारद्वाज ने शिकायत की थी कि बदरीनाथ मंदिर से 500 मीटर से भी कम दूरी पर अलकनन्दा नदी के किनारे मानकों की अनदेखी कर एसटीपी लगाया गया है। इसके निकट अन्न क्षेत्र आश्रम है जहां बड़ी संख्या में साधू सन्तों को भोजन कराया जाता है। जबकि वहां बदबू फैली रहती है। चेतना ने अपनी याचिका में कहा था कि उन्होंने 6 जून 2018 को एसटीपी का दौरा किया तो वह हैरान रह गयीं।

नदी किनारे एक आवासीय और धार्मिक क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमटें प्लांट न केवल नामामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को विफल करता है अपितु वहां के निवासियों और वहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिये तनाव और बीमारी पैदा करता है। याचिका में कहा गया है कि प्लांट को पहले मंदिर से काफी दूर जोशीमठ मार्ग पर अलकनन्दा वन्य विहार में लगाया जाना था लेकिन बाद में प्लांट खाक चैक पर लगा दिया गया।

# आप को चाहिए अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस का समर्थन

अशोक







**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ सपोर्ट जुटाने की मुहिम पर हैं। पिछले कुछ दिनों में वह देशभर में तमाम विपक्षी दलों के साथ बातचीत कर चुके हैं। यह सिलसिला बदस्तूर जारी है हालांकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का रुख इसे लेकर थोड़ा अलग दिख रहा है। वह केंद्र सरकार के अध्यादेश को सपोर्ट करने की मंशा दिख रही है।गौरतलब है कि गैर-एनडीए पार्टियों का बहुमत स्पष्ट तौर पर दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का समर्थन करता प्रतीत होता है और दूसरी, ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के समर्थन पर निर्भर रहने की गलती कर रही है। यह लगभग तय है कि नए संसद भवन में होने वाले मानसून सत्र के दौरान जब इस अध्यादेश को विधेयक के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा तो लोकसभा में इसका पारित होना महज एक औपचारिकता होगी और थोड़ा-बहुत शोर-शराबे के साथ यह राज्यसभा में भी बिना किसी परेशानी के पारित हो जाएगा। आगे चलकर कुछ महीनों में इसे कानून बना दिया जाएगा।एनडीए हो या यूपीए, 21वीं सदी में अब तक कोई भी सरकारी बिल संसद में अटका नहीं है हालांकि एक अल्पकालीन समय 2002 की शुरूआत में आया था जब वाजपेयी सरकार के दौरान राज्य सभा में पोटा पारित नहीं हो पाया था लेकिन जल्द ही यह दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में पारित हो गया था। अभी जिस अध्यादेश की चर्चा हो रही है, उसको लेकर अधिकांश गैर-एनडीए पार्टियां आप का समर्थन करेंगी यानी वे अध्यादेश के खिलाफ जाएंगी लेकिन संख्या बल की दृष्टि से देखें तो संसद में शायद ही इससे कोई फर्क पड़ेगा। इसके अलावा, वामपंथी दलों को छोड़कर अन्य विपक्षी दलों का आप को समर्थन दरअसल भाजपा के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता की वजह से है। वामपंथी दल अपनी संख्यात्मक कमजोरी के बावजूद लोकतंत्र और संघवाद के सवालों पर एक सैद्धांतिक रुख अपनाते हैं , वहीं दूसरी ओर, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को इस अध्यादेश के रूप में आम आदमी पार्टी के प्रति अपनी मूल नफरत या दुश्मनी को दूर करने का अनुकूल मौका मिल गया है। कांग्रेस के इस रुख के बारे में और क्या समझा सकता है कि वह इस मुद्दे पर अपनी राज्य इकाइयों से सलाह-मशवरा करेगी संसद में लिए जाने वाले स्टैंड को लेकर कांग्रेस ने आखिरी बार कब इस तरह का बेतुका बयान दिया था आखिर कांग्रेस किससे सलाह लेगी दिल्ली यूनिट एक ऐसी इकाई है, जो मौजूद ही नहीं है। कई सारे स्थानीय नेताओं के पहले ही भाजपा में शामिल होने गए हैं। पंजाब में जो कुछ भी बचा है, अब वही है।अध्यादेश के मुद्दे से कांग्रेस को अपनी विरोधी पार्टी की कमजोरी मिल गई और ऐसा प्रतीत होता है कि किसी भी चीज से बढ़कर यानी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकता से भी ज्यादा बढकर कांग्रेस को ऐसा मुद्दा मिल गया है जिस पर वह आप को वश में कर सकती है और संभवतः उस प्रतिद्वंद्विता को समाप्त कर सकती है जिससे वर्षों पुरानी पार्टी को निपटना मुश्किल हो रहा था। 2017 में अपनी राष्ट्रपति पद कीं उम्मीदवार मीरा कुमार, या 2022 में संयुक्त विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा और उप-राष्ट्रपति पद कीं उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा के लिए आम आदमी पार्टी से समर्थन लेने में कांग्रेस को कोई समस्या नहीं थी। मीरा कुमार और मार्गरेट अल्वा दोनों ने अपने-अपने चुनावों के लिए समर्थन मांगने के लिए व्यक्तिगत रूप से केजरीवाल से मुलाकात की थी। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि कांग्रेस पार्टी भाजपा से भी ज्यादा आप से नफरत करती है। कांग्रेस यह भुला नहीं पा रही है कि उसके 15 साल के गढ़ दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सेंध लगा दी थी और देश की राजधानी में जब कांग्रेस को लगातार अपने चौथे कार्यकाल का सपना बुन रही थी तब आप ने चुनावी मैदान में कांग्रेस को पटखनी देते हुए उसके सपनों को चकनाचूर कर दिया था।हालांकि, कांग्रेस यह स्पष्ट नहीं करती है कि उसने कड़े मुकाबले वाले चुनाव के कुछ दिनों बाद ही आम आदमी पार्टी को पहली सरकार बनाने के दौरान समर्थन क्यों दिया था यह वही पार्टी थी जिसकी वजह से उस चुनाव में कांग्रेस की प्रतीक चिन्ह शीला दीक्षित की हार हुई थी। केजरीवाल सरकार के उन 49 दिनों के बाद से, कांग्रेस पिछले एक दशक से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक भी विधायक या सांसद को जीत नहीं दिला पाई है। भले ही अब दिल्ली कांग्रेस के नेता आप के खिलाफ जहर उगल रहे हैं, लेकिन 2019 में लोकसभा चुनाव गठबंधन के लिए कांग्रेस ने एक असफल प्रयास किया था। अध्यादेश के पक्ष में कांग्रेस नेताओं द्वारा पेश किए गए बेतुके और हास्यास्पद तर्कों पर गौर करें तो यह स्पष्ट है कि उनकी मंशा आप सरकार को दिल्ली से बाहर करना है। शहर की नौकरशाही पर केंद्र के नियंत्रण पर भाजपा की लाइन पर चलने वाली कांग्रेस को कोई और कैसे समझाएगा कि वे कांग्रेस इस बात को भूल जाती है कि उनकी अपनी पार्टी की मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित ने 2012 में पार्टी से सलाह-मशवरा किए बगैर अपनी ही पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा नौकरशाहों के तबादले का सार्वजनिक रूप से विरोध किया था यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1993 में विधानसभा के अस्तित्व में आने के बाद से कांग्रेस हमेशा दिल्ली में एक शक्तिहीन सरकार चाहती आयी है। दिल्ली को राज्य का दर्जा देने पर स्वर्गीय शीला दीक्षित की चुप्पी से यह बात तब और स्पष्ट होती है जब वह दिल्ली की सत्ता में थीं और उनकी अपनी पार्टी 2004 से 2014 के बीच केंद्र में शासन कर रही थी। ये वही शीला दीक्षित थीं, जिन्होंने उन्होंने 1998 और 2004 के बीच वाजपेयी शासन के दौरान इस मुद्दे पर कुछ शोर मचाया था।अतीत में उस स्थिति से लेकर दिल्ली में राजनीतिक रूप से गायब हो जाने तक, चूंकि शहर की राजनीति में अब इसका कोई दांव नहीं बचा है ऐसे में राष्ट्रीय राजधानी को पूर्ण केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिलते देख कांग्रेस खुश होगी। 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त करने पर केंद्र का समर्थन करने के लिए आप की आलोचना की जा सकती है, लेकिन क्या राज्यसभा के तीन आप सांसदों के समर्थन के कारण यह बिल पारित हुआ कांग्रेस चाहेगी कि तीन तलाक और सी ए ए बिल के खिलाफ आप का जो स्टैंड है उसको देश भूल जाए, क्योंकि यह बिल के आप से मेल नहीं खाते हैं।2015 में आप के अब तक के सबसे बड़े जनादेश के साथ सत्ता में आने और 2020 में अपनी सफलता को दोहराने के बाद से कांग्रेस दिल्ली में भाजपा की भरोसेमंद सहयोगी रही है। आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के पास दर्ज सभी शिकायतों पर नजर डालने पर आपको इसका जवाब मिल जाएगा। दिल्ली ही नहीं, 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के चुनावी अभियान की गहन जांच से एक दिलचस्प झलक मिलती है कि आप को कुचलने के लिए कांग्रेस किस हद तक जाने को तैयार है।राहुल गांधी से लेकर मलिकार्जुन खड़गे तक सभी कांग्रेस नेताओं ने आप के पूर्व नेता कुमार विश्वास के एक आरोप पर जोरदार तरीके से चिपके हुए थे कि 2017 में आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जो कैंपेन चलाया था उसको खालिस्तानी तत्वों का समर्थन प्राप्त था, जिसका जिक्र पीएम मोदी ने भी अपने अभियान के दौरान किया था। कांग्रेस यह भी नहीं भूल सकती कि जस्टिस लोया की मौत की संदिग्ध परिस्थितियों की जांच के लिए सीजेआई ने एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। यह उल्लेखनीय है कि केजरीवाल विवादास्पद किसान विरोधी कानूनों को लागू करने वाले पहले व्यक्ति थे। उनकी पार्टी ने राज्यसभा के उपसभापति के लिए विपक्ष के उम्मीदवार का भी विरोध किया और इसके बजाय भाजपा द्वारा प्रायोजित उम्मीदवार का समर्थन किया। गुजरात, गोवा, हिमाचल, असम, उत्तराखंड में भाजपा के लिए केजरीवाल का समर्थन और हाल के कर्नाटक चुनावों में, जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उम्मीदवार खड़े किए । अब मध्यप्रदेश , राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी वह अपने उम्मीदवार उतरने जा रही है । उससे यह सवाल भी उठता है कि केवल उन्हीं राज्यों में वह ऐसा क्यों करते हैं, जहां कांग्रेस मुख्य विपक्षी या सत्ताधारी पार्टी है।दिल्ली अध्यादेश अब कोई कानूनी या तकनीकी मुद्दा नहीं है, न ही यह संसद में संख्याओं की लड़ाई है।

# विकसित राष्ट्र बननें पर जीडीपी की रफ़्तार ने लगाया ठप्पा

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत के रोज लगातार गाड़ते नए-नए आयामों पर दुनियां की नजरें टिकी हुई है। आए दिनों दुनिययां के वैश्विक नेताओं,उनकेप्रवक्ताओं वक्ताओं द्वारा भारत औरभारतीय नेतृत्व की तारीफों के पुल बांधे जा रहे हैं। विकसित देशों सहित अनेक देश भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफडीए) करने में रुचि दिखा रहे हैं तो वैश्विक नामी नेताओं की बॉडी लैंग्वेज भारतीय नेतृत्व के प्रति उदार और दोस्ती के लिए आतुर है और हो भी क्यों ना जिस तरह भारत ने बीते कुछ वर्षों से नए आयामों की झड़ी लगा दी है, हर क्षेत्र में वैश्विक स्तरपर नंबर वन की ओर तेजी से कूच कर रहा है, भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार सुदृढ़ होती जा रही है, हालांकि वैश्विक रैंकिंग एजेंसियों द्वारा अनेक मामलों में भारत को कम आंका जा रहा है। उधर राष्ट्रीय एजेंसियों के विकास की ओर बढ़ते आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में आज दिनांक 31 मई 2023 को शाम राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) द्वारा डाटा जारी किया गया जिसमें जीडीपी को 7.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ते दिखाया जा रहा है, जो काबिले तारीफ है जिसकी सराहना आज पीएम महोदय ने भी की। चूंकि हर देश की जीडीपी के आंकड़े उस देश की अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर दिखाते हैं, अब उसका ठप्पा एनएसओ ने भी लगाया है। परंतु जरूरत है भारत के लिए 2047 तक इस जीडीपी दर में अधिक तेज स्तर से बड़े तभी हम अपने इस विजन के तहत भारत को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। चूंकि इसके लिए हमें उसके वैश्विक पैमाने पर खरा उतरना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से एनएसओ द्वारा जारी डाटा, विकसित भारत की परिकल्पना और विजन 2047 पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 31 मई 2023 को एनएसओ द्वारा शाम जारी जीडीपी डाटा की करें तो वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर जो डाटा दिया गया है। उसके मुताबिक, चौथी तिमाही में जीडीपी की रफ्तार पिछली तिमाही की तुलना में तेज रही है। जनवरी-मार्च 2023 में भारत की यह 6.1 फीसदी दर्ज की गई है। भारत की अर्थव्यवस्था जनवरी-मार्च 2023 की तिमाही में 6.1 फीसदी तक बढ़ी है एनएसओ द्वारा बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह बात सामने आई है। देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2022 के अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में 4.4 प्रतिशत था। 2021-22 (वित्तवर्ष) की चौथी तिमाही में जीडीपी में वृद्धि 4.1 फीसदी थी।

सरकार के आंकड़े के मुताबिक 2022-23 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2021-22 में 9.1 प्रतिशत की तुलना में 7.2 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया है। दर अनुमान से अधिक दर्ज की जा सकती है। साथियों आओ जानें क्या होती है जीडीपी इसके आंकड़े किसी भी देश के लिए बेहद जरूरी डाटा होता है।दरअसल, ये देश की इकोनॉमी की पूरी तस्वीर दिखाते हैं। जीडीपी दो तरह की होती है, पहली रियल जीडीपी और दूसरी नॉर्मल जीडीपी। रियल जीडीपी में गुड्स एंड सर्विस की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। जीडीपी के आंकड़े एनएसओ की ओर से जारी किए जाते हैं। बता दें कि आरबीआई के गवर्नर ने 24 मई 2023 को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद अनुमानित 7 फीसदी से ज्यादा हो सकता है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में कहा,अगर जीडीपी ग्रोथ 7 फीसदी से थोड़ा ऊपर चली जाए तो मुझे हैरानी नहीं होगी।इस साल के शुरूआत में 2022-23 के लिए जारी आर्थिक सर्वेक्षण दस्तावेज जिसमें कहा गया है कि भारत की आर्थिक वृद्धि 7 प्रतिशत हो सकती है. आर्थिक सर्वेक्षण ने 2023-24 के लिए वास्तविक रूप से 6.5 प्रतिशत की बेसलाइन जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

# शुक्र है खाद्यान्न और सब्जियां इतनी महँगी भी नहीं

शादाब सलीम

**आपने** कभी यह देखा कि खाद्यान्न कितना सस्ता है! गेंहू और सब्जियां कितनी सस्ती हैं, चांवल की कुछ अच्छी किस्में महंगी हो भी लेकिन सब्जियां और गेंहू कितना सस्ता है, ऐसा नहीं है कि यह आज ही सस्ता है बल्कि यह एक जमाने से सस्ता है और इतने जमानों से सस्ता है कि हम भूल भी चुके हैं कि यह चीजें भी कभी महंगी हो सकती है, इस पर हमारे दिमाग ने भी यह सोचना बंद कर दिया कि यह चीजें भी महंगी हो सकती हैं क्योंकि हम ऐसी पीढ़ियों में हैं जिन्होंने इन चीजों को कभी महंगा देखा ही नहीं। आप इस जमाने में भी सब्जी के सस्ते होने का आलम देखिए कि दस से बीस रुपए की सब्जियों में चार लोग आसानी से एक समय का भोजन कर सकते हैं। यह सस्ती है इसका यह अर्थ कतई नहीं है कि यह बेवजह चीजे हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण चीजे हैं, सारी दुनिया के भोजन के मुख्य हिस्सों में हैं, यह शराब की तरह बेवजह नहीं है हालांकि शराब की वजह मस्ती आनंद हो सकती है लेकिन उससे शरीर को कोई लाभ नहीं है। यही सब्जियां अमेरिका जैसे राष्ट्रों में अच्छी खासी महंगी बिक रही है हालांकि बहुत महंगी नहीं है लेकिन इतनी महंगी तो है कि हम उसे मंहगी सके। अगर यह सब्जियां हमारे वहां महंगी हो जाए तो हमारे मजदूरों की भूख से मौत होने लगे या फिर वह अफ्रीका के कुछ देशों की तरह खाने की लूट पाट करने लगे। यह हैरानी की बात है कि अफ्रीका के कई देशों में आज भी खाने की लूट होती है। इन महंगी सब्जियों से हमारा मिडिल क्लास भी डोल उठे क्योंकि उसकी सीमित आय में यह सब्जियां खरीदना उसके बस की बात नहीं रहे। कभी आपने सोचा है यह सब्जियां और यह खाद्यान्न क्यों सस्ता है क्यों आलू, गिलकी, पालक और मेथी जैसी नेमत आज भी हमें बीस से चालीस रुपए किलों में मिल जाती हैं क्यों गेंहू आज भी बीस तीस रुपए किलों में बिक रहा है इसका जवाब है इसके लिए हमारे बुजुर्गों ने लंबी लड़ाई लड़ी है, बड़ी क्रांति की है तब यह चीजे हमें सुलभ मिल रही हैं। इन चीजों में आज तक व्यापारी पूंजीपति समाज का दखल नहीं हुआ है उसकी वजह कृषि कानून की ऐसी रचना है।

यह चीजे सीधे किसान के पास से उठती हैं एक दो दलालों से होते हुए एक छोटे व्यापारी के पास आकर हमारे पास आ जाती हैं, अभी तक इन चीजों के कोई ब्रांड एंबेसडर नहीं हैं। कभी आपने बेंगन का ब्रांड एम्बेसडर नहीं सुना होगा।

## पुलिस नहीं कर रही हत्यारोपियों की गिरफ्तारी, हत्या में रिपोर्ट भी नहीं कर रहे तरमीम, एसपी से मृतक के पुत्र ने लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के गोकुलपुरी शंकर बाजार में दस मई को पृथ्वीराज गुप्ता को सवेरे घर के बाहर चबूतरे पर बैठे रहने के दौरान पडोसी झुल्लू, राहुल पुत्र छेदीलाल व छोटेलाल पुत्र नर्मदा ने लाठी-डण्डों से पिटाईकर गाली-गलौज करते हुए साफी के फंदे को गले में लगाकर मारापीटा था। इससे वह बेहोश हो गई थी। बाद में उनकी मृत्यु पर पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया था।

गुरुवार को इस मामले में मृतक के पुत्र सत्यनारायण गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण शरीर में आई चोटों के कारण डॉक्टरों ने माना है। इसके बाद भी कर्वी कोतवाली पुलिस मामले को हत्या में तरमीम नहीं कर रही। मामला 323, 504 व 304 में दर्ज है। पीडित ने पुलिस अधीक्षक को पत्र में बताया कि हत्यारोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें भी धमकी दे रहे हैं कि वह पुलिस से मिलकर मनमुआफिक रिपोर्ट लगवा लेंगे।

पीडित ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मामले को हत्या में दर्जकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाये। इस मामले में कर्वी कोतवाल गुलाबचन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है। विवेचक साक्ष्य संकलन कर रहे हैं। साक्ष्य मिलने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

## दुष्कर्म में फंसाने की धमकी से परेशान युवक ने की आत्महत्या, फोन से धमकी देने वाले की करें जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर चैकी क्षेत्र के आरा मशीन के बांद तालाब के निवासी अभय जोशी (18) की अज्ञात कारणों से जहर खाने से हुई मौत पर परिजनों ने आरोप लगाया कि उसे फोन 6386678417 से धमकी मिलती थी।

गुरुवार को मृतक के परिजन ने बताया कि मृतक को बार-बार पुलिस चैकी बुलाया जाता था। कहा जाता था कि चैकी आ जाओ नहीं 376 के केस में फंस जाओगे। मृतक के पिता 17 मई को 376 के मामले में जेल चले गए है। उसी तरह से अभय जोशी को भी फोन से धमकी मिलती थी कि थाने आ जाओ नहीं तो पिता की तरह तुम भी जेल चले जाओगे। जिस समय मृतक ने जहर खाकर आत्महत्या की है उस समय घर में छोटा भाई था। मां अपने पति से रगौली जेल मिलने गई थी। छोटे भाई ने बड़े पापा को फोन से अभय के जहर खाने की सूचना दी। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ला रहे थे देर होने पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत के चलते उसे रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने सवाल उठाये कि अभय जोशी को मोबाइल नंबर 6386678417 से कौन फोन करता था। वह लड़की कौन है जो उसे 376 के मामले में जेल भिजवाना चाहती थी। इन सब मामलों की जांच की जाये।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को सरधुआ थाने के दरोगा राजेश राय की टीम ने वांछित लालजी पुत्र राजनारायण निवासी हरीशनपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राजेश राय व सिपाही नरेन्द्र कुमार शामिल रहे। मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने वारंटी जावेद खान पुत्र मो आबिद खान निवासी बम्बुरी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा विजय बहादुर यादव, सिपाही अदनान शामिल रहे।

## पुलिस ने गुम बालक को दिल्ली से किया बरामद, परिजनों के चेहरे खिले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस ने 11 वर्षीय बालक सेखनलाल को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि 30 मई को रामखिलावन प्रजापति निवासी बीडर पुरवा मजरा गोंडा थाना भरतकूप ने सूचना दी कि उसका 11 वर्षीय बालक सेखनलाल गुम हो गया है। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्जकर बालक की बरामदगी को वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह को लगाया।

वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह ने प्रयास कर बालक सेखनलाल को पहाड़गंज दिल्ली से बरामद किया। विधिक कार्यवाही बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालक सेखनलाल को परिजनों के सुपुर्द किया। बालक को पाकर परिजनों के चेहरे खिल गये। परिजनों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही सौरभ राजपूत शामिल रहे।

## नोनार गांव में विकास कार्यो के नाम पर जमकर हुआ घोटाला, प्रधान व सचिव की मिलीभगत से लाखों का बंदरबाट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के नोनार गांव के प्रधान व सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों के नाम पर जमकर लीपापोती की गई है। मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट किया गया है।

गुरुवार को पहाडी ब्लाक के नोनार गांव में सचिव व प्रधान की मिलीभगत से सरकारी धन के बंदरबांट का खुलासा हुआ। बताया गया कि मनरेगा योजना से कराए गौशाला निर्माण व इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण व जंगल सफाई, मेडबंदी, समतलीकरण के नाम पर जमकर धांधली की गई है। नोनार में 15वें वित्त आयोग से बड़ा खेल खेला गया है। डब्ल्यूबीएम रोड़ पर इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण हुआ है। नाली निर्माण में भी धांधली की गई है, जबकि नाली निर्माण पहले से था। कुछ ईंटे जोड़कर पूरी नई नाली निर्माण कराकर धनराशि निकाली है।

नोनार गांव में जगत पाल के घर से गिरधारी लाल के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण, गिरधारीलाल के घर से लल्लू के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा व नाली निर्माण में सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण डब्ल्यूबीएम रोड़ पर कराया गया है। जमकर सामग्री चोरी की गई है। नाली निर्माण पहले से था। नई नाली निर्माण के नाम पर भुगतान हुआ है। डब्ल्यूबीएम रोड़ निर्माण दौरान साइडवाल व नाली निर्माण कराया गया था। प्रधान व सचिव ने नव निर्माण दिखाकर भुगतान निकाल लिया है। ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय खुमानी पुरवा में शौचालय निर्माण में घोर धांधली की गई है। टाइल्स निर्माण कार्य में भी घोटाला किया है। ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण में धांधली कर कार्य हुआ है। सामुदायिक शौचालय की दीवारों में दरारें आ गई हैं, लेकिन हाई प्रोफाइल पेंटिंग कार्य में हकीकत छिपाने का कार्य किया गया है। नोनार में मनरेगा से कराए कमलेश के घर से गुलखू के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण, कल्लू के घर से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण, गौशाला में टीन शेड, चरही व इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण, गौशाला में लेवलिंग व जंगल सफाई कार्य के नाम पर खूब धांधली की गई है। नेवतिया तालाब में खुदाई कार्य व सिल्ट सफाई के नाम पर घोटाला हुआ है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से प्रधान व सचिव के क्रियाकलापों की जांच की मांग कर कार्यवाही की मांग की है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने महिला पहलवानों के समर्थन में दिया धरना

## राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में महिला पहलवानों के शोषणकर्ता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि भारतीय महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर विरोध जारी रखने की अनुमति देने को और सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी तथा कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद/मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये महिला पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना दे रही थीं। केंद्र सरकार से जनवरी 2023 में आरोपी सांसद के खिलाफ जांचकर कार्यवाही की मांग महिला पहलवानों ने की थी। रिपोर्ट दर्ज न होने पर सुप्रीम कोर्ट के दखल पर रिपोर्ट दर्ज हुई। अब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही। 28 मई को शांतिपूर्ण मार्च निकालने पर दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों के साथ क्रूरता का बर्ताव किया। यह पूरी तरह से गलत और



अलोकतांत्रिक है। संयुक्त किसान मोर्चा इन घटनाओं से विचलित है। उन्होंने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह की शिकार ज्यादातर लड़कियां ग्रामीण/किसान परिवारों से हैं। चिंता जताई कि जिन किसानों की बेटियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने को मेहनत की है। देश को गौरव दिलाया है। उनके साथ राजनीतिक रूप से शक्तिशाली लोगों के इशारे पर केंद्र सरकार ने क्रूरता का बर्ताo किया है। उन्होंने मांग उठाई कि राष्ट्र की प्रमुख के रूप में महिला पहलवानों को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना जारी रखने की अनुमति दे। महिला पहलवानों के साथ क्रूरता के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करें। बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर जल्द चार्जशीट दाखिल की जाये।

धरना प्रदर्शन में मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, जिला संरक्षक छोटे पीढिया, जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, युवा बिंग जिलाध्यक्ष तीरथ प्रसाद सिंह, जिलामंत्री अर्जुन सिंह, अजय सिंह, रामेश्वर सिंह, सन्तगोपाल भारतीय, विनय कुमार त्रिपाठी, साधो प्रसाद, राजकुमार, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# पियरियामाफी में सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा

## अन्तिम दिन कथा सुनने को उमड़े ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के पियरियामाफी गांव में कथा ज्ञानयज्ञ में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में छीबों से पधारे कथा व्यास भागवत शरण रामकृष्ण मिश्र ने पं शिवस्वरूप गर्ग को स्रोता बनाकर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अन्तिम दिन कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि के समीप भागवत कथा रसपान कराने का अवसर मिलता रहता है।

गुरुवार को कथा व्यास ने अंतिम दिन की कथा में कहा कि श्रीकृष्ण के चरित्र को समझना इतना सहज



नहीं है। बड़े-बड़े साधकों के भी समझ से परे है। योगेश्वर श्रीकृष्ण की मनोहारी लीलाओं का वर्णन सुनाने के बाद श्रीकृष्ण के सोलह हजार एक सौ सात विवाह की कथा बड़े विस्तार से बताई।

कथा व्यास ने बताया कि शास्त्रों में आठ प्रकार के विवाह बताए गए हैं। चार प्रकार के विवाह को छोड़कर बाकी सभी विवाह कलिकाल में निषिद्ध हैं। दुर्भाग्य से जो विवाह धर्म शास्त्रों में निषिद्ध हैं, वह कलिकाल के प्रभाव से आज आधुनिक समाज में शास्त्रों में होते देखने में आ रहे हैं। यह कलिकाल का प्रभाव नहीं है तो और क्या है।

कथा परिसर में प्रेमचन्द्र शुक्ला, सुभाष चन्द्र शुक्ला, कृष्ण चन्द्र शुक्ला, रामचन्द्र, शिवाकांत, रमाकान्त, कमलाकांत, श्रीकांत समेत आदि मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना फुटपाथियों के लिए है वरदान

## टाउन हाल में योजना का हुआ शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** टाउन हॉल कर्वी में शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के संयुक्त तत्वावधान में फुटपाथ पर रोजगार धंधा करने वालों का व्यवसाय बढ़ाने, बेरोजगारों व गरीबों को स्वावलंबी बनाने की गरज से प्रधानमंत्री स्वनिधि महोत्सव में आधा सैकड़ा गरीब फुटपाथ में व्यवसाय करने वालों को लाभार्थी के रूप में पंजीकृत किया गया।

गुरुवार को वार्ड शास्त्रीनगर के सभासद शंकर यादव ने मोहल्ले के एक दर्जन लोगों के पंजीकरण




कराए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना महोत्सव में मुख्य अतिथि के बतौर सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पांडेय, अश्वनी अवस्थी व सभासद मौजूद रहे। रेहड़ी पटरी वाले दुकानदार व लाभार्थियों की मौजूदगी में शास्त्रीनगर के एक दर्जन बेरोजगारों व गरीबों का पंजीकरण हुआ। ये योजना गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने को वरदान साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को स्वावलंबी बनाने को दस हजार प्रथम किस्त के रूप में आर्थिक मदद योजना लागू की है। साल भर में दस हजार पूरा जमा करने के बाद बीस हजार रुपये मिलेंगे। इसी तरह बीस हजार जमा करने पर पचास हजार की आर्थिक मदद मिल सकती है। इस प्रकार इस योजना से छोटी पूंजी लगाकर बड़ी पूंजी तक का व्यवसाय बढ़ा सकते हैं। गरीब और बेरोजगार इस योजना का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनें। इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रधानमंत्री पीएम स्वनिधि योजना का शुभारम्भ कर कहा कि ये योजना फुटपाथ पर कार्य करने वाले लोगों के लिए वरदान है।

# यौन शोषणकर्ता बृजभूषण की करें गिरफ्तारीः रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त किसान मोर्चा/उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में भारतीय महिला पहलवानों के साथ यौन शोषणकर्ता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा/उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां का रुद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि



अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में देश का नाम रोशन करने वाली महिला पहलवानों समेत एक नाबालिग और कई महिला पहलवानों ने मैडल जीते हैं। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलवानों का यौन शोषण किया है। दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना-प्रदर्शन दौरान दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों के साथ क्रूरता का बर्ताव किया है। इन घटनाओं से वे खासे विचलित हैं। उन्होंने एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में मांग किया कि भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। केन्द्र सरकार महिला पहलवानों को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना जारी रखने की अनुमति दें आदि मांगें शामिल रहीं।

धरना-प्रदर्शन में वामपंथी ओमप्रकाश सिंह एड, अजय सिंह एड, रामसहाय सिंह, जागेश्वर प्रसाद, रामप्रताप विश्वकर्मा, लल्लूराम, शिवप्रसाद, राजेन्द्र कुमार, दुर्गा प्रसाद गुप्त, वीरबहादुर सिंह आदि शामिल रहे।

# बेहतर मार्केट देने को छह कम्पनियों ने किया एमओयू साइन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के किसान उत्पादक संगठनों को व्यवसाय बढ़ाने को बेहतर मार्केट देने की गरज से कृषि भवन में छह कंपनियों के साथ एमओयू साइन कराया गया। ईएफ पॉलीमर, संचय ग्रीन, प्रिया मशाला, यूनाइटेड नेचर, फारमार्ट और मेरठ उद्यमी फाउंडेशन कंपनियों के साथ जिले के एफपीओ के पदाधिकारियों ने एमओयू साइन किया है।

गुरुवार को मुख्य रूप से चुन्नी देवी प्रोग्रेसिव फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी चकमाली कर्वी, देवबाबा बायोएनर्जी, कर्वी ऑर्गेनिक, जीश्री




एफपीओ, मानिकपुर ऑयल, रामनगर आयल, मऊ मण्डौर, पहाड़ी मसूर, महर्षि बाल्मीकि आदि के पदाधिकारियो ने एमओयू साइन किया। कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने बताया कि इस तरह के समझौतों से एफपीओ से जुड़े किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। उनको फसलो के अच्छे दाम मिल जायेंगे। एफपीओ को मार्केट मिल जाएगा। जिससे एफपीओ आगे बढ़ेंगे और व्यापार बढ़ेगा। इस समिटि को नासिर ने आयोजित किया था। शुभम गौतम, फारमार्ट से हरिओम दुबे, मेरठ उद्यमी फाउंडेशन से डॉ माधुरी गुप्ता समेत सभी कंपनियों के डायरेक्टर और मैनेजर मौजूद रहे।

## सोलर स्ट्रीट लाइटों से जगमगायेंगे बीस गांवः डीएम, कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना से लगेंगी लाइटें



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को ग्राम पंचायतों के चयन को सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना बाबत बैठक में यूपीनेडा ने बताया कि कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में 20 गांवों को संतृप्त किया जाएगा।

गुरुवार को कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले के 20 गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की बात हुई। जिले के 20 गांवों में 10/10 लाइटों की स्थापना की जाएगी। जिलाधिकारी ने यूपीनेडा से कहा कि सरकार की गाइडलाइन अनुसार गांवों को चिन्हित कर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सौर ऊर्जा से पथ प्रकाश की व्यवस्था होने पर गांव में सामाजिक उत्थान के साथ ग्रामीण परिवेश में कार्य क्षमता, सामाजिक सुरक्षा आदि के बोध के साथ स्वच्छ माहौल बनेगा।

इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एएसडीएम शना अख्तर मंसूरी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, यूपीनेडा अधिकारी एके श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## श्रमदान कर पुलिस कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने श्रमदान कर थाना, चैकी कार्यालय एवं पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई का अभियान चलाया।

गुरुवार को क्षेत्राधिकारी यातायात/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में यातायात कार्यालय कालूपुर एवं पुलिस लाइन में अधिकारी/कर्मचारियों ने श्रमदान कर यातायात कार्यालय एवं पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई की। भरतकूप थाना, बहिलपुरवा थाना, बरगढ़ थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षकों की देखरेख में थानों पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई कर थानों को चैकस किया।

## तम्बाकू से युवा पीढी हो रही तबाहः जिपं अध्यक्ष, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर टाउन हाल कर्वी में हुई गोष्ठी में जिले को तम्बाकू मुक्त करने को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय तम्बाकू निषेध दिवस की अध्यक्षता मुख्य अतिथि/सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में हुआ।

गुरुवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों का स्वागत किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। घर परिवार एवं रिश्तेदारों को तम्बाकू निषेध को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य एवं परिवार पर बुरा प्रभाव डालती है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी को गिरफ्त में लेती जा रही है। इससे मानसिक व शारीरिक रूप से युवा अपंग होते जा रहे हैं। तम्बाकू कैंसर जैसी भयानक बीमारी को निमंत्रण देता है। धीरे-धीरे इंसान को खत्म करती है। वह धन हानि के साथ स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने जिले के समस्त विभागाध्यक्षो को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे में बताते हुए कहा कि तम्बाकू से होने वाली बीमारियों में से प्रमुख रूप से मुख का कैंसर और शरीर में होने वाले हानियों के बारे में विस्तार से बताया। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आरके चैरिहा, डा राजेश कुमार आजाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा मुकेश पहाड़ी, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर रूपनारायण गर्व तिवारी, नरोत्तम सिंह, हरिश्चन्द्र, विकास कुशवाहा, बीएल गुप्ता, सन्तोष श्रीवास्तव, राहुल राव, कुलदीप सिंह, अल्का अमृता सिंह एवं शहरी क्षेत्र की एनएनएम व आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

# विदेश संदेश

## सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग एक बार फिर कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। ली ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा, ''मैं ठीक महसूस कर रहा हूं, लेकिन मुझे डर है कि मैं फिर कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गया हूं।'' 'चैनल न्यूज एशिया' की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ली ने कहा, ''मेरे डॉक्टरों का कहना है कि मैं संक्रमण से उबरने के बाद संभवत: एक बार फिर इसकी चपेट में आ गया हूं। पांच से 10 प्रतिशत मामलों में ऐसा होता है।'' ली (71) ने बताया कि वह ''उनसे अब भी संक्रमण फैलने का खतरा है, हालांकि प्रारंभिक संक्रमण की तुलना में यह काफी कम है।'' ली ने कहा कि उनके चिकित्सकों ने एआरटी जांच में उनके संक्रमण मुक्त होने की पुष्टि होने तक उनसे पृथक रहने के लिए कहा है। ली दक्षिण अफ्रीका और केन्या की यात्रा के बाद 22 मई को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। उन्होंने 28 मई को फेसबुक पर संक्रमण मुक्त होने की जानकारी दी थी। ली ने लिखा था, ''मैं संक्रमण मुक्त हो गया हूं और सोमवार को काम पर लौट आऊंगा। शुभकामनाएं भेजने वालों का शुक्रिया।



## नेपाल के कोशी प्रांत में यूएमएल के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में सीपीएन (यूएमएल) के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में आ गई है। जनता समाजवादी पार्टी ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे सरकार अल्पमत में आ गई। पांच महीने पहले कोशी में यूएमएल के हिकमत कुमार कार्की के नेतृत्व में सरकार बनी थी। केंद्र सरकार में सत्ता संतुलन में बदलाव के बाद कोशी पर भी असर पड़ा। कोशी में 93 सांसद हैं, जिनमें सीपीएन यूएमएल के 40, नेपाली कांग्रेस के 29, सीपीएन माओवादी केंद्र के 13, आरपीपी के 6, सीपीएन यूएस के 4 और जेएसपी के 1 सांसद हैं। यूएमएल और आरपीपी के साथ मिलकर 46 सांसद हैं। हालांकि बहुमत के लिए 47 सांसदों के समर्थन की जरूरत है। जसपा की एकमात्र सांसद निर्मला लिम्बु ने यूएमएल के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। अब इस अल्पमत सरकार को 30 दिनों के भीतर विश्वास मत हासिल करना होगा। उल्लेखनीय है कि केवल कोशी में यूएमएल की सरकार है।



## सिंगापुर में रातों रात लखपति बना भारतीय मूल का व्यक्ति, स्कविड गेम्स में जीते साढ़े 11 लाख रुपए

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल का व्यक्ति रातों-रात लखपति बन गया। दरअसल भारतीय व्यक्ति जिस कंपनी में काम करता है, उस कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए स्कविड गेम्स का आयोजन किया और इस आयोजन के विजेता को इनाम के तौर पर साढ़े 11 लाख रुपए मिले। बता दें कि स्कविड गेम्स एक चर्चित कोरियाई ड्रामा है, उसी की तर्ज पर कंपनी ने अपने स्कविड गेम्स का आयोजन किया था। भारतीय मूल का सेल्वम अरुमुगम (42 वर्षीय) सिंगापुर की कंपनी पोलिसम इंजीनियरिंग में काम करता है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए डिनर और डांस कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी आयोजन में स्कविड गेम्स की तर्ज पर कंपनी ने अपने इवेंट का आयोजन किया, जिसमें कर्मचारियों को स्कविड गेम्स के पात्रों की तरह ही लाल रंग के ट्रैक सूट पहनाए गए और उन्हें कुछ मुश्किल टास्क दिए गए। हालांकि इसमें ड्रामा की तरह जान का कोई खतरा नहीं था। सेल्वम ने इन्हीं टास्क को सफलतापूर्वक पूरा किया और पहला इनाम जीता। इनाम के रूप में सेल्वम को 18,888 सिंगापुर डॉलर का इनाम मिला, जिसकी भारतीय मुद्रा में कीमत करीब साढ़े 11 लाख रुपए है। सेल्वम ने जितनी राशि इनाम के रूप में जीता है, वह उसकी डेढ़ साल की सैलरी के बराबर है। खास बात ये है कि सेल्वम ने स्कविड गेम्स ड्राम के बारे में कभी सुना भी नहीं था। इसके बावजूद उसने सफलतापूर्वक अपने टास्क पूरे किए। सेल्वम ने 2015 में कंपनी जॉइन की थी और उसका परिवार अभी भी भारत में ही रहता है। सेल्वम 15 लोगों के परिवार का गुजारा करता है। सेल्वम के माता-पिता और भाई की मौत हो चुकी है।

# चीन-भारत के बीच संबंध 'मुश्किल' होते जा रहे हैं : राहुल गांधी

**स्टेनफोर्ड।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि चीन भारत पर कुछ थोप नहीं सकता और भारत तथा चीन के संबंध आसान नहीं हैं, ये ''मुश्किल'' होते जा रहे हैं। कांग्रेस नेता तीन अमेरिकी शहरों की यात्रा पर हैं और उन्होंने कैलिफोर्निया में स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार रात छात्रों के एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। छात्रों ने राहुल से पूछा था,'' अगले पांच से दस वर्षों में भारत और चीन के बीच संबंध कैसे होंगे, आप इसे कैसे देखते हैं।'' इसके उत्तर में कांग्रेस नेता ने कहा,''ये अभी मुश्किल हैं। मेरा मतलब है कि उन्होंने हमारे कुछ क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है। ये मुश्किल हैं, ये इतने आसान नहीं हैं।'' उन्होंने कहा,'' भारत पर कुछ थोपा नहीं जा सकता। ऐसा कुछ नहीं होने वाला।'' भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में तीन वर्षों से गतिरोध कायम है।

जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़पों के बाद संबंध बेहद तनावपूर्ण हो गए थे। भारत का रुख है कि द्विपक्षीय संबंध तब तक सामान्य नहीं हो सकते जब तक कि सीमाई इलाकों में शांति न हो। स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय



में बातचीत के दौरान राहुल ने पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखने की भारत की नीति का समर्थन किया। कांग्रेस नेता से प्रश्न किया गया था कि क्या वह रूस को लेकर भारत के तटस्थ रुख का समर्थन करते हैं, इस पर उन्होंने कहा,'' हमारे रूस के साथ संबंध हैं,हमारी रूस पर कुछ निर्भरताएं है। इसलिए मेरा वही रुख है जो भारत सरकार का है।'' उन्होंने कहा कि अंतत: भारत को अपने हितों की ओर देखना होगा क्योंकि भारत एक बड़ा देश है जहां सामान्य तौर पर उसके अन्य देशों के साथ संबंध होंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह इतना छोटा तथा आश्रित नहीं है कि इसके केवल एक के साथ संबंध हों, किसी और के साथ नहीं। अपनी बात उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा, '' हमारे पास सदैव इस प्रकार के संबंध होंगे। कुछ लोगों के साथ हमारे बेहतर संबंध होंगे, कुछ के साथ संबंध बनेंगे। तो इस प्रकार का संतुलन है।'' राहुल ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों का समर्थन किया, साथ ही उत्पादन की जरूरत तथा डेटा और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को रेखांकित किया।उन्होंने कहा कि इन द्विपक्षीय संबंधों में केवल सुरक्षा तथा रक्षा के पहलू पर ध्यान केन्द्रित करना पर्याप्त नहीं है।

## राजनीतिक अस्थिरता को संविधान के मुताबिक दूर करे पाकिस्तान, IMF के बयान से शहबाज सरकार को लगी मिर्ची

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की वित्त और राजस्व राज्य मंत्री आइशा गौस पाशा ने पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की आलोचना की है। पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता को लेकर आईएमएफ मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के बयान पर मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि पाकिस्तान का आचरण कानून के अनुरूप है। जबकि आईएमएफ घरेलू राजनीति पर टिप्पणी नहीं करता है। आईएमएफ ने साफ कह दिया है कि पाकिस्तान देश में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता को संविधान के मुताबिक दूर करे तभी उसे लोन मिलेगा। बता दें कि पोर्टर ने कहा था कि फंड उम्मीद करता है कि संविधान और कानून के शासन के अनुरूप एक शांतिपूर्ण रास्ता तलाशा जाएगा।

**नहीं बिके फ्रिज 7 विज्ञापन खोजो**

राज्य मंत्री ने कहा कि देरी न तो पाकिस्तान के लिए अच्छी है और न ही फंड के लिए। उन्होंने यह उम्मीद जताई है कि वित्तीय



वर्ष 2023-24 के लिए संघीय बजट की घोषणा से पहले दोनों पक्ष एक समझौते पर पहुंचेंगे। पाशा ने रिपोर्टों की पुष्टि की कि प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने आईएमएफ के प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से संपर्क किया, यह कहते हुए कि प्रीमियर ने फंड के प्रमुख को आश्वासन दिया कि पाकिस्तान अपने सभी दायित्वों को पूरा करेगा। 27 मई को पीएम शहबाज़ ने जॉर्जीवा से संपर्क किया, उनसे अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान को रुकी हुई . 6.5 बिलियन की सुविधा को पुनर्जीवित करने में मदद करें। गठबंधन सरकार नवंबर से अपने बेलआउट कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए वाशिंगटन स्थित ऋणदाता के साथ बातचीत कर रही है, जिसमें सबसे बड़ी बाधाओं के बीच वित्तपोषण का अंतर है। अगले महीने समाप्त होने वाले 6.5 बिलियन कार्यक्रम से संवितरण के लिए लगभग 2.7 बिलियन शेष हैं।

# अमेरिकी सैन्य विमान के सामने आया चीनी लड़ाकू विमान

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच रिश्ते सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब एक अमेरिकी सैन्य निमान के सामने आए चीनी लड़ाकू विमान ने दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ दिया है।

अमेरिका और चीन के संबंध लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। चीन अमेरिका को चेतावनी देने के लिए युद्धाभ्यास भी कर रहा है। अब ऐसे ही युद्धाभ्यास के चलते अमेरिकी और चीन आमने-सामने आ गए। अमेरिका के एक अधिकारी के मुताबिक एक चीनी लड़ाकू विमान ने अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर के ऊपर एक अमेरिकी सैन्य विमान के पास अनावश्यक रूप से आक्रामक युद्धाभ्यास किया। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में प्रभावी अमेरिकी सैन्य कमांड ने एक बयान में कहा कि चीनी जे-16 विमान ने पैंतरेबाजी दिखाई, जिस वजह से अमेरिका के आरसी-135 विमान को टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। बयान में कहा गया कि हम डरने वाले नहीं है।



अमेरिका जहां भी अंतरराष्ट्रीय कानून की अनुमति देता है, वहां उड़ान भरना, नौकायन करना और सुरक्षित और जिम्मेदारी से काम करना जारी रखेगा।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक चीनी लड़ाकू विमान अमेरिका के विमान के सामने से गुजरा, जिसके कुछ सेकंड बाद विमान का कॉकपिट झटके से डगमगा गया। फिलहाल, इस घटना पर वाशिंगटन में स्थित चीनी दूतावास ने कोई जवाब नहीं दिया। गौरतलब है, चीन पहले ही अमेरिका को धमकी दे चुका है कि दक्षिण चीन सागर में जहाज और विमान भेजना शांति के लिए अच्छा नहीं है।

# राहुल की मोहब्बत की दुकान में खालिस्तानियों ने डाला व्यवधान, 1984 दंगों को लेकर लगाए गांधी परिवार के खिलाफ नारे

**कैलिफोर्निया।** पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी को अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक कार्यक्रम के दौरान खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने घेर लिया था। गांधी 10 दिवसीय अमेरिका यात्रा पर हैं। उन्होंने सैन फ्रांसिसको में 'मोहब्बत की दुकान' कार्यक्रम को संबोधित किया। एक वीडियो में खालिस्तान समर्थकों को राहुल गांधी को परेशान करते और सैन फ्रांसिस्को में 'मोहब्बत की दुकान' कार्यक्रम को बाधित करते हुए दिखाया गया है। कार्यक्रम में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।

जब दर्शकों में से कुछ लोगों ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के संबंध में उनके और गांधी परिवार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने कुछ देर के लिए उनके भाषण को बीच में ही रोक दिया। हालाँकि, गांधी मुस्कुराए



और कहा कि स्वागत है, स्वागत है ... नफ़रत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान। इसके बाद कांग्रेस नेता दर्शकों में अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए और 'भारत जोड़ो' के नारों के साथ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बारे में दिलचस्प बात यह है कि यह सभी के प्रति स्नेह रखती है। राहुल ने कहा कि अगर कोई आना चाहता है और कुछ भी कहना चाहता है, चाहे वह कुछ भी कह रहा हो, तो हम उसे सुनकर खुश होते हैं। हम गुस्सा नहीं होने वाले हैं, हम आक्रामक नहीं होने जा रहे हैं। हम इसे अच्छी तरह से सुनेंगे। वास्तव में, हम उनके प्रति स्नेही रहेंगे, उनके प्रति प्रेमपूर्ण रहेंगे। क्योंकि यही हमारा स्वभाव है। बीजेपी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्विटर पर इस घटना की एक क्लिप साझा की और लिखा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में 1984 के सिख नरसंहार (कांग्रेस द्वारा फैलाया गया) के लिए हंगामा किया...ऐसी नफरत की आग लगी थी, जो अब तक नहीं बुझी। अमेरिका स्थित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने इसकी जिम्मेदारी ली है। एसएफजे के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इस घटना का वीडियो जारी करते हुए कहा कि राहुल गांधी अमेरिका में जहां-जहां जाएंगे खालिस्तान समर्थक सिख तुम्हारे सामने खड़े होंगे।

## तंबाकू मुक्त देश बनने के करीब स्वीडन, महज पांच फीसदी से भी कम लोग रोजाना करते हैं धूम्रपान

**स्टॉकोहम।** स्वीडन के आउटडोर बार और रेस्तरां में गर्म हवा तो है लेकिन कहीं भी सिगरेट का धुआं नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस घोषित करने वाले दिन यूरोपीय संघ (ईयू) में स्वीडन एक ऐसे देश के रूप में चिन्हित हुआ जहां धूम्रपान की दर सबसे कम है। यह देश खुद को धूम्रपान मुक्त घोषित करने के करीब पहुंच चुका है जहां 5 फीसदी से भी कम लोग दैनिक रूप से धूम्रपान करते हैं। यूरोस्टेट सांख्यिकी एजेंसी के मुताबिक, 2019 में 15 वर्ष से अधिक आयु के सिर्फ 6.4 फीसदी लोग यहां दैनिक धूम्रपान करने वाले थे, जो यूरोपीय संघ में सबसे कम और 27 देशों के ब्लॉक में 18.5 फीसदी के औसत से काफी नीचे है। स्वीडन की पब्लिक हेल्थ एजेंसी के आंकड़े बताते हैं कि तब से धूम्रपान की दर में गिरावट जारी है, जो पिछले साल 5.6 फीसदी तक पहुंच गई थी। स्टॉकहोम निवासी कैरिना एस्टोरसन ने कहा, हमें जीने का स्वस्थ तरीका पसंद है, मुझे लगता है कि इसी कारण स्वीडन में धूम्रपान के प्रति दिलचस्पी बहुत कम है। स्वीडिश कैंसर सोसायटी के महासचिव उलिका अरेहेड ने कहा, हम सार्वजनिक स्थानों पर कई वर्षों से पाबंदी लगाने में जुटे रहे। हमने धूम्रपान पर जिस तरह से सख्ती की उसका असर यह रहा कि अब यहां फेफड़ों के कैंसर की दर दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा कम हो गई है।

# बांग्लादेश की सरकार ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा- यूएस की नई वीजा नीति से हमें खतरा नहीं

**ढाका।** अमेरिका ने हाल ही में अगले साल दक्षिण एशियाई देश में होने वाले चुनावों को लेकर एक नई अमेरिका वीजा नीति का एलान किया। घोषणा के बाद राजनीतिक गलियारों में सवाल उठने लगे कि क्या ये वर्तमान सरकार पर निशाना है। इस पर बांग्लादेश की सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि इस फैसले बांग्लादेश के लिए उन व्यक्तियों के यात्रा परमिट को प्रतिबंधित करके एक नई वीजा नीति की घोषणा की है, जिन्हें वह दक्षिण एशियाई देश में होने वाले जनवरी 2024 के चुनावों में बाधा डालने के लिए जिम्मेदार मानेगा।

बांग्लादेश विदेश मंत्री ने बिना किसी का नाम लिए बिना कहा कि ये नीति उन लोगों पर भारी पड़ेगी, जो दंगा, आगजनी और तबाही का सहारा लेते हैं,



उनके नेतृत्व को सतर्क रहने की जरूरत है। एके मोमेन ने आगे कहा कि आप जानते हैं कि वे कौन हैं।

**स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव**

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हाल ही में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण राष्ट्रीय चुनाव कराने के बांग्लादेश के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए आप्रवासन और राष्ट्रीयता अधिनियम की धाराओं के तहत एक नई वीजा नीति की घोषणा की जा रही है।

**बांग्लादेशी अधिकारी पर भी तलवार**

ब्लिंकन ने कहा कि अगर किसी भी बांग्लादेशी को लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में खलल डालने का दोषी पाया गया तो अमेरिका इस नीति के तहत उस व्यक्ति का वीजा प्रतिबंधित कर सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस नीति के दायरे में वर्तमान और पूर्व बांग्लादेशी अधिकारी, सरकार समर्थक और विपक्षी राजनीतिक दलों के सदस्य, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, न्यायपालिका और सुरक्षा सेवाओं के सदस्य भी आएंगे।

**चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में हों**

विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिका ने 3 मई को इस फैसले के बारे में बांग्लादेशी सरकार को सूचित किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र को आगे बढ़ाने की मांग करने वाले सभी लोगों को अपना समर्थन देने के लिए इस नीति की घोषणा कर रहे हैं। बता दें, ब्लिंकन की घोषणा विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के आने के एक सप्ताह बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि वाशिंगटन बांग्लादेश के अगले चुनावों में किसी विशेष पार्टी की भागीदारी के बारे में चिंतित नहीं था, लेकिन चाहता था कि चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हों।

## ओक्लाहोमा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले दो कानूनों को असंवैधानिक करार दिया

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राज्य ओक्लाहोमा के हाईकोर्ट ने पिछले साल लाए गए गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले दो कानूनों असंवैधानिक करार दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत में जिन कानूनों को असंवैधानिक करार दिया है, वे दीवानी मुकदमे थे और निजी नागरिक मुकदमों पर निर्भर थे। इसके तहत आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था। हालांकि, हाईकोर्ट के इस फैसले का हालांकि वर्ष 1910 के कानून पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो विशेष स्थिति को छोड़कर अब भी राज्य में गर्भपात पर प्रतिबंध लगाता है। दोनों कानूनों से चिकित्सा आपात के संबंध में विरोधाभास पैदा हुआ था। ओक्लाहोमा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने 6-3 के मत-विभाजन से इन दोनों कानूनों को पलट दिया। उन्होंने अपने फैसले में कहा कि दोनों कानून बहुत अधिक जटिल थे। न्यायाधीशों ने तर्क दिया कि एक महिला को



चिकित्सा आपात स्थिति की आवश्यकता के बिना अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए गर्भावस्था को समाप्त करने का संवैधानिक अधिकार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ओक्लाहोमा रिपब्लिकन-नेतृत्व वाले कई राज्यों में से एक है, जिसने पिछले साल रो बनाम वेड मामले को पलटने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद गर्भपात पर रोक लगाने की मांग की है। गर्भपात पर प्रतिबंध के बाद राज्य में कानूनी चुनौतियां तेजी से बढ़ी हैं। गर्भपात का मुद्दा एक नया राजनीतिक मोर्चा भी बन गया है। कुछ राज्यों के न्यायालयों ने फैसला सुनाया है कि गर्भपात के अधिकार राज्य के संविधानों द्वारा संरक्षित हैं।

**डॉक्टरों ने किया फैसले का स्वागत**

अदालत के इस फैसले का डॉक्टरों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि राज्य के गर्भपात कानूनों के बारे में अनिश्चितता ने गर्भपात करने से पहले गंभीर चिकित्सा जटिलताओं और गैर-व्यवहार्य गर्भधारण का सामना करने वाली महिलाओं को स्थिति खराब होने का इंतजार करने के लिए मजबूर किया। ओक्लाहोमा सिटी के प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डाना स्टोन ने कहा कि हमारे पास ऐसे कई मामले आए, जब हमें महिलाओं को कहना पड़ा कि हम उनके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सामान्य रूप से गर्भावस्था की समाप्ति की पेशकश करेंगे। पहले हमें उनकी स्थिति की निगरानी करनी होगी और यदि संक्रमण के लक्षण दिखाना शुरू करते हैं या रक्तचाप बढ़ता है, तभी हम कानूनी रूप से आपका इलाज करने में सक्षम होंगे।

# कोल इंडिया की ओएफएस को पहले दिन मिला 3.46 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पहले दिन ओवर सब्सक्राइव हो गया। इश्यू को 3.46 गुना सब्सक्राइब किया गया। संस्थागत निवेशकों ने 6,500 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। सरकार ने सीआईएल में ओएफएस के माध्यम से तीन फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने की पेशकश की है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। दीपम सचिव ने बताया कि संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित कुल 8.31 करोड़ शेयरों की पेशकश पर 28.76 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। संस्थागत निवेशकों के खंड को 3.46 गुना अभिदान मिला है। वहीं, करीब 226.12 रुपये प्रति शेयर के सांकेतिक भाव पर संस्थागत निवेशकों ने 6,500 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। खुदरा निवेशक शेयरों के लिए शुक्रवार को बोली लगा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार दो दिन की बिक्री पेशकश में सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी कोल इंडिया में अपनी तीन फीसदी हिस्सेदारी यानी 18.48 करोड़ शेयर 225 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है। इसमें अधिक अभिदान मिलने की स्थिति में 1.5 फीसदी का ग्रीन-शू विकल्प भी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।